

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

**दिल्ली में पहली बार रू.1 लाख करोड़ का बजटःयमुना के लिए 500 करोड़**

# सीएम बोलीं : आप ने शीशमहल बनाए, हम गरीबों के घर बनाएंगे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीवेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा। रेखा गुप्ता ने कहा-आप ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम झुग्गी वालों के लिए शौचालय बनवाएंगे। उन्होंने कहा- केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए, ताकि उनका प्रचार हो। उनकी जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला। रेखा गुप्ता ने मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे।

## सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी में तीन प्रतिशत का नुकसान : नितिन गडकरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीन प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी में सड़क सुरक्षा के लिए तकनीकी हस्तक्षेप ̶ भारत-अमेरिका साझेदारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं हमारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं। हर साल देश में 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1,88,000 लोगों की मौत होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जान गंवाने वाले लोगों में 18 से 45 वर्ष की आयु के 66 प्रतिशत लोग होते हैं। युवा, प्रतिभाशाली, इंजीनियरिंग स्नातक, मेडिकल छात्रों के नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। वहीं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का यह आंकड़ा 10,000 है।

## मैं तमिलनाडु में हूं नहीं आ पाऊंगा... मुंबई पुलिस के समन पर बोले कुणाल कामरा, शिंदे बोलेः हर चीज की सीमा होनी चाहिए



**मुंबई ,एजेंसी।** एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई की खार पुलिस ने समन भेजा है और उन्हें आज जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा है। कुणाल अभी मुंबई में नहीं हैं। पुलिस ने कुणाल कामरा के जोक को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसे आगे की जांच के लिए खार पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कामरा को वॉट्सऐप के जरिए समन भेजा है। उन्होंने पुलिस से कहा कि मैं तमिलनाडु में हूंन्हीं आ पाऊंगा। बीते दिन कामरा ने पुलिस से कहा था कि वह एकनाथ शिंदे पर अपने कटाक्ष के लिए 'माफी नहीं मांगेंगे', लेकिन उन्होंने कहा कि वह कानून का पालन करेंगे। कामरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे, लेकिन फिलहाल वह मुंबई में नहीं हैं। कुणाल कामरा के यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड किए गए स्टैंड-अप शो ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों को नाराज कर दिया है, उन्होंने रविवार को मुंबई में उस जगह पर तोड़फोड़ की, जहां इस शो को शूट गया था और साथ ही उन्हें 'स्वतंत्र रूप से घूमने' की धमकी भी दी। एकनाथ शिंद पर किए गए जोक को लेकर शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज रवाई थी, वहीं पश्चिमी मुंबई में खार पुलिस ने यूनिकॉन्टिनेंटल द हैबिटेट में तोड़फोड़ करने के आरोप में शिवसेना के राहुल कनाल और विभाग प्रमुख श्रीकांत सरमालकर को अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया था। वहीं दूसरी तरफ कॉमेडियन कुणाल कामरा की तरफ से किए गए जोक पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बोलने की आजादी है, लेकिन हर चीज की एक सीमा होनी चाहिए। मुंबई में आयोजित एक शो के दौरान कामरा ने बगैर नाम लिए शिवसेना प्रमुख पर 'गद्दार' और 'ठाणे का रिक्शा' जैसे तंज कसे थे। खबर है कि कामरा को मुंबई पुलिस ने तलब किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिंदे ने कहा, 'बोलने की आजादी हैं यहां।

**विपक्ष पर अमित शाह ने किया कटाक्ष**

## 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला, हम ही सब कुछ करेंगे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला है। जो कुछ करेंगे लंबे समय तक हम ही करेंगे। विपक्ष को लगता है कि शायद हम आएंगे तो बदलेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। इसमें बहुत देर है। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि कोरोना 19 जैसी आपदा, बढ़ता शहरीकरण और अनियमित बारिश की आपदा व जलवायु परिवर्तन से आपदाओं का आकार बदल गया है। इससे निपटने के लिए हमें तरीके बदलने पड़ेंगे। हमें इससे निपटने की व्यवस्थाएं बदलनी होंगी। इसके अलावा हमें संस्थाओं का आकार बढ़ाना होगा और उनकी जवाबदेही में तय करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि हमें आपदा प्रबंधन संस्थाओं को शक्तियां भी देनी होंगी। उन्होंने कहा कि आज एनडीआरएफ की 16 बटालियन काम कर रही हैं। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन मैं कह सकता हूं कि एनडीआरएफ के भगवा रंग के कपड़े लोगों को यह विश्वास दिलातें हैं कि यह आ गए, अब हम बच जायेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग ने आपदा में सहायता करने के मानदंड तय किए हैं। सहायता किस तरह की जाएगी, किस दर से की जाएगी, यह भी तय किया है। मरने वाले पशु दुधारू है या नहीं, गिरने वाला मकान कच्चा था या पक्का, इस आधार पर सहायता की राशि तय है।

## लोकसभा में पास हुआ फाइनेंस बिल 2025

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है। फाइनेंस बिल 2025 पर हुई डिबेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है।

**राष्ट्रपति मुर्मु का छत्तीसगढ़ विधान सभा में आह्वानः**

## नारी सशक्तीकरण और समरसता से बनेगा श्रेष्ठ छत्तीसगढ़

**-मनखे-मनखे एक समान' के सिद्धांत से बनेगा समरस छत्तीसगढ़ : राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु**

**-लोकतांत्रिक परंपराओं में छत्तीसगढ़ विधानसभा एक आदर्श उदाहरण : राज्यपाल श्री रमेन डेका**



**रायपुर, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती समारोह में भाग लेते हुए प्रदेशवासियों को 25 वर्षों की लोकतांत्रिक यात्रा की बधाई दी और विधान सभा की उत्कृष्ट संसदीय परंपराओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना को स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के असाधारण मार्गदर्शन का परिणाम बताया और उनके प्रति सादर नमन किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक यात्रा, जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का एक प्रेरणास्पद उदाहरण है। उन्होंने अपने विधायक काल की स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि जन-प्रतिनिधि के रूप में कार्य करना जनसेवा की भावना से प्रेरित व्यक्तियों के लिए एक सौभाग्य होता है। उन्होंने विधान सभा को संस्कृति की संवाहक और नीति निर्धारण की दिशा देने वाला केंद्र बताया।

## जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वकील

**प्रयागराज ,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला होने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। इस तबादले के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा कि उनकी मांग को जब तक माना नहीं जाएगा बेमियादी हड़ताल जारी रहेगी। आज सुबह से हाईकोर्ट के गेट नंबर 3 पर वकील जमा होने लगे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों की मांग है कि जस्टिस वर्मा का तबादला तुरंत रोका जाए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी डिमांड पूरी नहीं हो जाती। उनका आरोप है कि एक ऐसे जज को, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, इलाहाबाद भेजकर सम्मानित किया जा रहा है। विक्रांत पांडेय ने कहा, यह संदेश दिया जा रहा है कि दिल्ली ज्यादा साफ-सुथरी जगह है, और वहां ऐसे लोग नहीं रह सकते, लेकिन इलाहाबाद में इसे स्वीकार कर लिया गया। यह हमें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है।

## सीएम योगी का निर्देशः गर्मी की छुट्टी के दौरान भी खुलेंगे स्कूल, 20 मई से 15 जून के बीच लगेंगे समर कैंप



**लखनऊ,एजेंसी।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए अब गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप लगाए जाएंगे। इनमें बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा। यह पहल न सिर्फ बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में भी मददगार साबित होगी। अब तक इस तरह की कवायद सिर्फ निजी विद्यालयों में ही होती है। विभाग के अनुसार कैंप में फाउंडेशनल लिट्रेसी और न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित गतिविधियां होंगी। जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, खेलकूद, विज्ञान-तकनीक आधारित प्रयोग, कला-सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुरैना आयेंगे



**मुरैना,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मार्च को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मार्च को प्रातः 10:40 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर हेलीकॉप्टर द्वारा प्रातः 10:55 बजे मुरैना आयेंगे और लोकल प्रोग्राम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1:30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मुरैना से प्रस्थान करेंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि, परिवार से मिलकर जताई संवेदना



**उदयपुर ,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को उदयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम डबोक एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से सीधे सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ राजघराने के दिवंगत सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके पुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित उदयपुर शहर व देहात भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



# 4 बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ

## 3 हितग्राहियों को संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि, बुजुर्ग को श्रवण यंत्र लगाया, आवास हितग्राही को मिली प्रथम किस्त, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बगैर माँ-बाप के 4 बच्चों को मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पोन्सरशिप योजना में लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये। बुजुर्ग श्री रघुवीर सिंह गुर्जर निवासी पहेला को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही तीन हितग्राहियों को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो गया है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए।

**4 बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान अपने दादा श्री लटुर बैरवा निवासी कुंहाजापुर के साथ आये तीन बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभ देने के निर्देश दिये गये। बच्चो के दादा श्री लटुर बैरवा ने बताया कि उसके पुत्र स्व. श्री अशोक बैरवा की मृत्यु हो चुकी है, जिसके तीन बच्चे है। बच्चों की मॉ भी छोडकर चली गई है, उसकी बुजुर्ग अवस्था के कारण बच्चो के भरण पोषण में परेशानी आ रही है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय को स्पोन्सरशिप योजना में बच्चो के नाम जोडकर लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा रोहित बैरवा पुत्र स्व. श्री पप्पूलाल बैरवा निवासी डाबरसा को भी उक्त योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**3 हितग्राहियों को संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि की मांग के आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राही श्री शशिकपूर आदिवासी निवासी नंदापुर, श्री रोहित बैरवा निवासी डाबरसा एवं श्री रामसिंह रजक निवासी जैनी को अवगत कराया कि उनके प्रकरणों में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से 2-2 लाख रूपये की राशि भी प्राप्त होगी। आवेदक श्री शशिकपूर आदिवासी को पत्नि स्व. श्रीमती दुलोसी बाई की मृत्यु पर, रोहित बैरवा को पिता स्व. श्री पप्पू बैरवा की मृत्यु पर तथा श्री रामसिंह रजक को पिता स्व. श्री रामस्वरूप रजक की मृत्यु पर दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। उक्त तीनों प्रकरणों में ईपीओ जारी हो चुके है।

**आवास हितग्राही को मिली प्रथम किस्त**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुमरेरा निवासी श्री वकील रावत के आवास संबंधी आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए प्रथम किस्त की राशि जिला पंचायत के माध्यम से बैंक खाते में जारी कराई गई। आवेदक ने बताया कि उसका प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृत हो गया है, लेकिन आवास की किस्त नही मिल रही है। इस मामले में आवेदन के परीक्षण उपरांत पोर्टल पर आ रही तकनीकी कमी को मौके पर ही दूर कराते हुए तत्काल एफटीओ जारी कराया गया और खाते में 25 हजार रूपये की प्रथम किस्त जारी करने की कार्यवाही की गई।

**5 माह से बंद वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराई**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम सोठवा निवासी श्रीमती गुलाब बाई सुमन की पेंशन सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से पुनः शुरू कराई गई। अपने पुत्र के साथ जनसुनवाई में आई श्रीमती गुलाब बाई ने बताया कि 5 माह से पेंशन नही मिल रही है, सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से आवेदन के परीक्षण उपरांत सामाजिक सुरक्षा पोर्टल पर त्रुटि को दूर करते हुए हितग्राही को पेंशन पुनः चालू कराने की कार्यवाही की गई। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री वायएस तोमर, तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# 30 मार्च को रोगियों को लेकर रवाना होंगी बसें

## 26 मार्च से 2 अप्रैल तक मुरैना में आयोजित होगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, नोडल अधिकारी नियुक्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में श्योपुर जिले से चिन्हित मरीजो को उपचार के लिए 30 मार्च को बसे रवाना होंगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं के लिए जिला सहित विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। इसके साथ ही वाहन प्रभारी भी बनाये गये है। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में रोगियों के चिन्हांकन हेतु सामुदायिक एवं प्राथमिक अस्पतालो में लगाये गये शिविरों के माध्यम से कुल 8 हजार 108 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया तथा अभी तक लगभग 600 रोगी मुरैना शिविर के लिए चिन्हित किये गये है।

जिला स्तर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल तथा परियोजना अर्थशास्त्री श्रीमती राजेश शर्मा को सहायक नोडल बनाया गया है। इसी प्रकार श्योपुर जिला अस्पताल सहित बीएमओ स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। श्योपुर के लिए सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएस राजपूत, परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट, बडौदा के लिए सीईओ जनपद श्योपुर एवं बीएमओ डॉ सुनील यादव, कराहल के लिए सीईओ जनपद कराहल श्री राकेश शर्मा एवं बीएमओ डॉ सुरेश सोनी तथा विजयपुर के लिए सीईओ जनपद श्री आफिसर सिंह गुर्जर एवं बीएमओ डॉ एसएन बिंदल, परियोजना अधिकारी श्री पीएस राजपूत को जिम्मेदारी सौपी गई है। रोगियों को ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही वाहन प्रभारी भी बनाये गये है। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि चिन्हित रोगियों को अधिकारियों के मार्गदर्शन में 30 मार्च को उपचार के लिए मुरैना शिविर भेजा जायेगा। रोगियों को भेजने के लिए कुल 15 बसों की व्यवस्था की गई है, इस क्रम में श्योपुर से 04, बडौदा से 02, कराहल से 04 तथा विजयपुर से 05 बसे रवाना होंगी।

**देश के ख्याति प्राप्त चिकित्सक करेंगे रोगियों का उपचार**

26 मार्च से 02 अप्रैल तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एस.ए फ़ पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में किया जा रहा है। शिविर के लिए टेंट सिटी बनाई गई है, जिसमें तीन बड़े डोम एक डोम वातानुकूलित जो चिकित्सकों की ओपीडी के लिए रहेगा।

साथ ही एक डोम में सांस्कृतिक आयोजन हेतु तथा एक और अन्य डोम में सभी प्रकार की जांचे खून की जांच, बी.पी, शुगर ई सी जी आदि एवं दवा वितरण की व्यवस्था रखी गई है। जो मरीज इस मेगा शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने से वंचित रह गए हैं। वह 26 मार्च से 2 अप्रैल तक एस.ए.फ ग्राउंड में अपना स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी करा सकते है। मेगा शिविर में देश के प्रमुख संस्थानों जैसे एम्स, मेदांता, जीबी पंत, मानिपाल, रेनबो, राजीव गांधी, अपोलो, मैक्स, गंगाराम, श्रॉफ, हमदर्द, नेशनल हार्ट, आर्टिमिस, राम मनोहर लोहिया, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल आदि के वरिष्ठ चिकित्सक गण शामिल होंगे।

# बाल श्रम, मानव तस्करी एवं महिला कानून विषय पर कार्यशाला आयोजित

## संबंधित विभाग एवं सामाजिक संस्थाएं अपने अनुभव से कार्य योजना बनायें-डीजे




**श्योपुर ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ग्रामीण स्वावलंबन समिति के समन्वय से माननीय प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की उपस्थिति में ए डी आर भवन में बाल श्रम, मानव तस्करी एवं महिला कानून विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पवन कुमार शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बालको, महिलाओं के अधिकारों से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। सुरक्षित पलायन, मानव तस्करी, बाल एवं बंधुआ मजदूरी तथा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सभी प्रतिभागी आपसी समन्वय से विचारों को साझा करते हुए उपयुक्त रणनीति एवं कारगर कार्य योजना बनाने के लिए यह पहल की गई है। इसमें संबंधित सभी विभागों को भी जोडा गया है। ग्रामीण स्वावलंबन समिति से श्री महेश द्वारा संस्था का विस्तार से परिचय दिया गया तथा श्री वीरेंद्र तोमर द्वारा जनता संस्था कार्यक्रम में किस प्रकार कार्य कर रही है के बारे में बताया गया जनता संस्था से मास्टर ट्रेनर श्री प्रतीक द्वारा बाल श्रम अधिनियम और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी क्रम में जनता संस्था से आए हुए मास्टर ट्रेनर श्री विकास सूर्यवंशी द्वारा पास्को एक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की गई जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा द्वारा पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत किसी भी प्रकार के अपराध से पीड़ित व्यक्ति को इसका लाभ दिया जा सकता है साथ ही घरेलू हिंसा दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न पर प्रतिभागियों की समझ विकसित करने का काम किया गया। ग्रामीण स्वावलंबन समिति से श्री राम लखन प्रजापति, श्री देवेंद्र अहीरवा, श्री सुरेंद्र हृदय, श्री महावीर शर्मा, श्री रामबरन कुशवाहा, श्री राम अवतार बड़ोदिया, श्री राम अवतार जाटव, श्री जितेंद्र गौड़, श्री दिनेश वर्मा, श्री उदय सिंह, श्री सोहन सिंह, श्री बबलू जाटव, सुश्री लक्ष्मी जाटव एवं सुश्री पूनम वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को ग्रामीण स्वावलंबन समिति की ओर से भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग पुलिस विभाग, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति, स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों द्वारा भागीदारी करते हुए आगामी कार्य योजना तैयार की गई। कार्यक्रम का आभार श्री राम लखन प्रजापति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मान. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री डी.एस. चौहान, मान. विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) श्री लीलाधर सौलंकी, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री अरूण कुमार खरादी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. संध्या मरावी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री ऋचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री परवेज आलम, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, महिला थाना प्रभारी सुश्री यासमीन खान आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# हौसलो की उडान पर, अरमानो के पंख लगाओ-डीएम

## जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह में बच्चों से रूबरू हुए कलेक्टर, विजेता 20 बच्चों को मिले मेडल एवं प्रमाण पत्र




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हौसलो की उडान पर अरमानो के पंख लगाओं और लक्ष्य को निर्धारित करते हुए उसे भेदने का पुरजोर प्रयास करों। अपनी कमजोरी और कमी को कभी निराशा मत समझों, बल्कि उसे संबल बना लो और अपने आप पर गौरव रखो तथा कठिन परिश्रम से बाधाओं को पार करते हुए सदैव आगे बढते चलों। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला शिक्षा केन्द्र के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह के दौरान बच्चों को प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विजेता बच्चों की पढाई में आगे बढने और अपना लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि हर बच्चे में अंनन्त संभावनाएं विद्यमान है। उन्होने ओलम्पियाड परीक्षा में प्रखर बुद्धि से अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को आगे पढने, बढने तथा आकाश छूने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को अभिभावको से अपील की कि बच्चों को पढने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध करायें। इसके साथ ही उन्होने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले संबंधित विद्यालय के शिक्षको को भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा कहा कि अपने गुरू होने की भूमिका निभाते हुए देश और समाज के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कार्य करें।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बच्चों को जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता 2024-25 में चयनित होने के लिए मेडल पहनाये गये तथा शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। इसके साथ ही बच्चों को स्कूल बैग किट के रूप में स्कूल बैग, ट्रेक सूट, कैप, लंच बॉक्स, वाटर बॉटल, ज्योमेट्री बॉक्स, कॉपी, कलर, पेन्सिल इत्यादि पठन सामग्री प्रदाय की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमें जिज्ञासा बाथम, शिवानी कुशवाह, तरूण मुदगल, इशांत मुदगल, साजन आदिवासी, हेंमत धाकड, पलक गौड, अवनी मेहर, शिवम गोयल, मंयक वर्मा, मंयक ओझा, कीर्ति यादव, तनुज सिंहल, श्यामसुन्दर रावत, प्राशी शर्मा, हेंमत वैष्णव, जयंत मुदगल, खुशी एवं अनुष्का उमरैया को पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके साथ ही संबंधित स्कूलों के मार्गदर्शन शिक्षको को भी शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल, बीआरसी कराहल श्री अजय रावत, श्योपुर श्री हरिशंकर बाथम, एपीसी श्री राकेश शर्मा, श्री मुकेश कुशवाह आदि उपस्थित थे।

# खनिज के अवैध परिवहन पर 2 लाख 22 हजार का जुर्माना

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा खनिज के अवैध परिवहन से संबंधित दो प्रकरणो में 2 लाख 22 हजार 250 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उक्त दोनों प्रकरण गत सप्ताह में खनिज अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह परमार एवं खनिज निरीक्षक श्री अभिषेक पटले द्वारा पंजीबद्ध किये गए थे, जिनमें एक वाहन को एमसेंड खनिज के अवैध परिवहन एवं एक ट्रेक्टर को रेत के अवैध भण्डारण मे जप्त करने की कार्यवाही की गई थी। इसी क्रम में ट्रक क्रमांक आरजे 12 जीए 1328 वाहन मालिक श्री भैरू सिंह निवासी कोली मोहल्ला बस स्टैण्ड के पीछे पर 2 लाख 10 हजार रूपये तथा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 31 जेडसी 6096 वाहन मालिक श्री सुनील आर्य पर 12 हजार 250 रूपये अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई है।

**खदान क्षेत्र के चारो ओर सुरक्षा उपाय करने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जिले में संचालित खनिज खदानो के चारो ओर सुरक्षा उपाय करने के संबंध में निर्देश दिये गये है। सभी पट्टेदारो को इस संबंध में निर्देश जारी किये गये है कि खदान के चारो ओर तार फेंसिंग, सूचना बोर्ड एवं खदान की सीमा दर्शाने वाले प्रतीक स्तम्भ एवं मुनारे स्थापित की जायें, सुरक्षा उपाय नही करने वाले पट्टेदारो के विरूद्ध खदान निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। खनिज अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि गत दिनो विजयपुर तहसील के ग्राम चंदेली स्थित पत्थर खदान में हुई दुर्घटना के सम्बन्ध में खदान संचालक तथा पट्टेदार को खदान निरस्त हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# किसानों की मांग पर कलेक्टर ने ढोढर में किया गेहूं खरीदी केन्द्र स्थापित

## जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए बनाये गये है 33 केन्द्र, 31 मार्च तक किसान करा सकते है पंजीयन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा किसानों की मांग पर ढोढर में गेहूं खरीदी केन्द्र स्थापित कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले में गेहूं खरीदी के लिए 33 सेंटर बनाये गये है। जिले में अभी तक लगभग 17 हजार किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया गया है। पंजीयन प्रक्रिया अभी 31 मार्च तक जारी रहेगी। शासन द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जायेगी, इसके अंतर्गत 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है, जबकि 175 रूपये प्रति क्विंटल के मान से राज्य सरकार द्वारा किसानों को बोनस दिया जायेगा। इस प्रकार एक क्विंटल के विक्रय पर किसानों को 2600 रूपये प्राप्त होंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 33 सेंटर बनाते हुए खरीदी स्थल निर्धारित किये गये है। इस प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा एवं विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल द्वारा स्टेट वेयरहाउस कराहल पर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था बडौदा एवं सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड द्वारा राजकुमारी वेयरहाउस बडौदा पर, सेवा सहकारी संस्था राडेप द्वारा राडेप में, सेवा सहकारी संस्था लुहाड द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण बडौदा में, वृहत्ताकार सहकारी संस्था फिलोजपुरा एवं तलावडा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोढर द्वारा सीडब्ल्यूसी जैदा में, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा द्वारा ओछापुरा में, विपणन सहकारी समिति विजयपुर द्वारा मंडी प्रांगण विजयपुर में, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर द्वारा उप मंडी प्रांगण वीरपुर में, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर द्वारा मंडी प्रांगण विजयपुर में, सेवा सहकारी समिति सहसराम द्वारा सहसराम में, वृहत्ताकार सहकारी संस्था श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था नागदा, सेवा सहकारी संस्था सोई कलां एवं सेवा सहकारी संस्था नागरगांवडा द्वारा सीडब्ल्यूसी जैदा में, सेवा सहकारी संस्था आसीदा बीओटी वेयरहाउस इच्छापुरा में, सहकारी संस्था बिजरपुर द्वारा शिल्पी जैन वेयरहाउस कनापुर में, विपणन सेवा सहकारी संस्था श्योपुर में बीओटी वेयरहाउस इच्छापुरा में, सेवा सहकारी संस्था गोहेडा द्वारा सीडब्ल्यूसी जैदा में, वृहत्ताकार सहकारी संस्था दांतरदा कलां, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोठवा, सेवा सहकारी संस्था जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था तलावदा एवं सेवा सहकारी संस्था गुरूनावदा द्वारा वेयरहाउस बडौदाराम में, सेवा सहकारी संस्था पाण्डोला द्वारा एसडब्ल्यूसी जैदा में, सेवा सहकारी संस्था कनापुर में शिल्पी जैन वेयरहाउस कनापुर में, सेवा सहकारी संस्था क्यारपुरा द्वारा क्यारपुरा में तथा सेवा सहकारी संस्था ढोढर द्वारा ग्राम ढोढर में गेहूं उपार्जन का कार्य किया जायेगा।

# जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में प्राप्त 85 आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए




**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 85 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋृण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

## हायर सेकेण्डरी के गणित विषय की परीक्षा में कुल 4261 छात्र-छात्राओं में से 4187 उपस्थित हुए, 74 छात्र रहे अनुपस्थित

**भिण्ड ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत गणित विषय की परीक्षा में कुल 4261 छात्र-छात्राओं में से 4187 उपस्थित रहे एवं 74 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत गणित विषय की परीक्षा में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# जन शिक्षण संस्थान भिण्ड

## में क्षमता संबर्धन कार्यक्रम सम्पन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में प्रशिक्षक क्षमता संबर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष कुमार दुबे जी ने सभी उपस्थित प्रशिक्षको को बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षक को अपने ट्रेनिंग सेंटर के रख रखाव, सफाई के बारे में बताया गया साथ ही स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक से उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी चर्चा की गई। इस बात पर भी जोर दिया गया कि सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बने, ट्रेनिंग के पश्चात उन्हें स्वरोजगार से जोड़े और उद्योगों में भी महिलाएं काम पर जाए। दुबे जी ने बताया कि क्षमता निर्माण का मतलब है किसी संगठन या व्यक्ति की क्षमता को बढ़ाना. यह एक प्रक्रिया है। दुबे जी ने सभी प्रशिक्षको को बताया गया कि जन शिक्षण संस्थान से हुनर सीखकर आप लोग स्व-सहायता समूह बनाकर आत्म निर्भर बनने के लिये जिस बिषय में कुशल हो उससे संबंधित कार्य करें। सरकार स्व-सहायता समूह को हर संभव मदद करती है। साथ ही उपस्थित सभी को अपने हुनर को निखारने के लिए कहा गया साथ ही बताया गया कि आप लोग स्किल से सीखकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ऋृण प्राप्त कर रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी करें। श्री दुबे जी ने बताया कि किस तरह महिलाए स्किल से सीखकर अपने जीवन में आगे बढ रही है तथा आत्मनिर्भर बन रही है।

इस अवसर पर प्रशिक्षिका श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, अख्तरी बेगम, सविता श्रीवास, मधू , रामजानकी, व 35 प्रशिक्षक व प्रशिणार्थी उपस्थित हुये।

# पीएम जनमन में आवास सर्वे के लिए 79 पंचायतें ओपन

## कलेक्टर ने दिये पात्र हितग्राहियों के आवास स्वीकृत करने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत 79 पंचायतों को आवास सर्वे के लिए फिर से ओपन किया गया है। जिसमें सर्वे अनुसार पात्र हितग्राहियों के आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा है कि सहरिया समुदाय के ऐसे हितग्राही जो आवास योजना के लाभ से शेष हैं वे संबंधित पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें श्योपुर विकासखण्ड की 23, कराहल विकासखण्ड की 34 तथा विजयपुर की 22 पंचायतें शामिल हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये है कि शेष हितग्राहियों का सर्वे का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण किया जायें। आवास प्रभारी श्रीमती सारिका पाटीदार ने बताया कि जिन पंचायतों को री-ओपन किया गया है उनमें श्योपुर विकासखण्ड की बगदिया, धीरोली, सेमल्दा, लाडपुरा, नंदापुर, चकबूलिया, तिल्लीपुर, ढोटी, भिलवाडिया, कुडायथा, नयागांव ढोढपुर, जानपुरा, जैदा, सिरसौद, हलगावडा, बागल्दा, महाराजपुरा, पाण्डोली, कुंहाजापुर, मकडावदा कला, तेहखण्ड, सोठवा, शंकरपुर एवं कराहल की बावडीचापा, बगवाज, बंधाली, बर्धाखुर्द, बासेड, भेला-भीमलत, बुढेरा, बुखारी, चितारा, ढेगदा, डोब, गोठरा, हीरापुर, झरेर, कलारना, कलमी ककरधा, कराहल, कटिला, कैलोर, खिरखिरी, लहरौनी, मालीपुरा, मयापुर, मेहरवानी, मोरावन, पहेला, फतेहपुर, रानीपुरा, रीछी, सेमल्दा हवेली, सुखवास, सेसईपुरा, टिकटोली तथा विजयपुर की डोडरी खुर्द, डोडरी कला, कदवई, किशनपुरा, मगरदेह, उमरीकला, पिपरवास, फरारा, गसवानी, नेहरखेडा, दाउदपुर, गोहटा, पचनया, धनायचा, मोरेका, टर्राकला, धोरीबावडी, बैनीपुरा, खितरपाल, गोबर, गोपालपुरा एवं देवरी शामिल हैं।

# 1928 बच्चों को मिल रहा मिशन वात्सल्य योजना का लाभ, प्रतिमाह 4 हजार रूपये मिलते है एक बच्चें को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में निराश्रित 1928 बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत स्पोन्सरशिप योजना का लाभ दिया जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय ने बताया कि ऐसे बच्चें, जिनके माता-पिता नही है और वह अपने दादा-दादी अथवा नाना-नानी के साथ रह रहे है या ऐसे बच्चे जिनके पिता नही है और मॉ के साथ रह रहे है, उनके अध्ययन, पोषण इत्यादि के लिए मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पोन्सरशिप योजना में 1928 बच्चों को जिले में लाभ प्रदान किया जा रहा है। इन बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले को कुल 6 करोड 22 लाख राशि का बजट आवंटन किया गया, उक्त आवंटन में से बच्चों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। योजना अंतर्गत पात्र ऐसे बच्चे जिनका खाता आधार से लिंक एवं डीबीटी इनेबल्ड नही है, वे तत्काल अपना खाता आधार से लिंक एवं डीबीटी इनेबल्ड कराने की प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे राशि मिलने में कोई समस्या नही हों।

# ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिए पुख्ता इंतजाम करें : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

## प्रभारी मंत्री ने पेयजल व्यवस्था को लेकर फोन से कलेक्टर, सीईओ व निगम आयुक्त से की चर्चा, पेयजल व्यवस्था के लिये संबंधित अधिकारियों की बैठक लेने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिये पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी के मौसम में निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनी रहे, ऐसी व्यवस्था की जाए। इस सिलसिले में उन्होंने मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय से फोन पर चर्चा की। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कलेक्टर श्रीमती चौहान से कहा है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दें, जिससे गर्मी के मौसम में सम्पूर्ण जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनी रहे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को भी फोन के जरिए निर्देश दिए कि ग्वालियर शहर में समस्यामूलक बस्तियों में पेयजल आपूर्ति के अतिरिक्त इंतजाम किए जाएं। किसी भी स्थिति में पेयजल की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। श्री सिलावट ने जिले की सभी नगर पालिका व नगर परिषदों सहित ग्रामीण अंचल की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर भी विशेष बल दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी कस्बों व गाँवों में सुचारू पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ पशुओं के लिये भी पेयजल के बेहतर इंतजाम किए जाएं। पूर्ण हो चुकीं नल-जल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति शुरू कराएं। साथ ही हैंडपंपों के संधारण के लिये विशेष व्यवस्था बनाएं, जिससे हैंडपंप खराब होने की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल ठीक किया जा सके। पुरानी नल-जल योजनाओं को भी सुदृढ़ करें, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो।

# निगम परिषद में बजट पर चर्चा जारी रहते बैठक 26 मार्च 2025 तक स्थगित



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद में बजट पर चर्चा का आयोजन सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। बजट पर चर्चा जारी रहते बैठक बुधवार दिनांक 26 मार्च 2025 दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# वारदात करने की नियत से खड़े हथियारबंद बदमाष को पुलिस ने अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

## बदमाष के पास से एक 315 बोर का देषी कट्टा मय 01 जिंदा राउण्ड के किया जप्त।

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एंव अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक 24.03.2025 को थाना जनकगंज पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति वारदात करने की नियत से कट्टा लिए सब्जी मण्डी लक्ष्मीगंज पर खड़ा हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक (पष्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान ने थाना जनकगंज पुलिस को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी लष्कर श्री मनीष यादव के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनकगंज निरीक्षक विपेन्द्र सिंह चौहान ने थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को सब्जी मंडी लक्ष्मीगंज के पास मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने ग्राम द्वारिकापुरी थाना दिमनी जिला मुरैना हाल शशी अग्रवाल का मकान जाग्रति नगर लक्ष्मीगंज ग्वालियर का होना बताया।

# शक्कर कारखाने का परिसमापन समाप्त कर पुर्नजीवन देने सहकारिता मंत्री को पत्र लिखा

**मुरैना,कांस।** मध्यांचल किसान उद्योग लिमिटेड की प्रबंध संचालक एवं शुगर फैक्ट्री के पूर्व मुख्य महप्रबंधक श्री एमडी पाराशर ने जनप्रतिनिधियों का वाला देते हुए सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग को पत्र लिखकर सहकारी शक्कर कारखाना कैलारस का पर समापन समाप्त कर पुनर्जीवन देने के लिए पत्र लिखा है उन्होंने मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा कि पूर्व कृषि मंत्री श्री गिर्राज डंडौतिया के साथ समक्ष में चर्चा के तारतम्य में प्रेषित पत्र दिनांक 10/02/2025 के अनुसार दिनांक 21/02/2025 को पंजीयक सहकारी समितियां के परिपत्र दिनांक 01/10/2018 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार 91 अंशधारियों की ओर से आमसभा बुलाने का आवेदन उप पंजीयक व परिसमापक महोदय को प्रस्तुत किया गया है। आमसभा बुलाने का निर्णय उप पंजीयक व परिसमापक को ही लेना है, परन्तु उप पंजीयक द्वारा आयुक्त महोदय से मार्गदर्शन हेतु लिखा है व एक माह बाद भी आमसभा बुलाने का भी निर्णय नहीं हो पाया है। पत्र दिनांक 10/02/2025 परिपत्र दिनांक 01/10/2018 व अंशधारियों का आवेदन दिनांक 21/02/2025 की प्रतियां है। पूर्व कृषि मंत्री श्री गिर्राज डंडौतिया पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग श्री रघुराज कंसाना , पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा श्री नागेन्द्र तिवारी , पूर्व सांसद श्री अशोक अर्गल व अन्य प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि कृषकों समाजसेवियों ने किसान और कर्मचारियों के भुगतान के लिये आवश्यक धनराशि अमानत के रूप में जमा कराने हेतु संकल्प एकत्रित किये हैं। अभी तक लगभग चार करोड़ रूपये के संकल्प प्राप्त हो गये हैं व कर्मचारियों के भुगतान के लिये आवश्यक राशि इस पद्धति से प्राप्त हो जायेगी। कुछ किसान व कर्मचारी भी किस्तों में भुगतान लेने सहमत है। अतः किसानों कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान कारखाने की सम्पत्ति के विरूद्ध उक्तानुसार अमानत / ऋण के रूप में प्राप्त राशि से हो सकेगा।

# स्मार्ट सिटी संचालक मंडल की 35वी बोर्ड बैठक सम्पन्न

## बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**ग्वालियर।** ग्वालियर स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आईएसबीटी के रख-रखाव हेतु पीपीपी मोड पर प्रस्ताव उच्च स्तरीय अधिकार प्राप्त संचालन समिति की स्वीकृति के पश्चात निविदाएं आमंत्रित की जाएं। स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में संचालक मंडल के सदस्य श्री प्रशांत मेहता, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, स्मार्ट सिटी से जुड़े अधिकारी मौजूद थे। साथ ही कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, अहमदाबाद से श्री शिवानंद स्वामी एवं भोपाल से नगरीय प्रशासन के मुख्य अभियंता श्री आनंद सिंह वर्चुअल शामिल हुए। 35वी बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय पर चर्चा एवं अनुमोदन के पश्चात पीडीएमसी की समय अवधि पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि पीडीएमसी के पर्फोमेंस की समीक्षा तकनीकी समिति से कराने के पश्चात ईडी के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जड़ेरूआ से बेहटा सड़क निर्माण के विवादित हिस्से पर कार्य क्षेत्र से बाहर करने के मुद्दे पर निर्णय लिया गया कि प्रकरण ईडी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। इसके साथ ही ईडी स्थल निरीक्षण एवं परीक्षण कर निर्णय ले। बैठक में हजीरा चौराहे पर किए गए कार्य के उपरांत निगम को हैंडओवर की जानकारी बैठक में दी गई। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रकरण में सुनिश्चित कर लिया जाए कि स्थानांतरण की कार्रवाई सही प्रकार से हो। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शेष कार्य नगर निगम के माध्यम से ठेकेदार की राजसात राशि से कराया जायेगा। बैठक में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के प्रस्ताव के संबंध में कलेक्टर द्वारा फंड की जानकारी ली गई। बैठक में बताया गया कि उक्त कार्य के लिये 10 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध है। बोर्ड द्वारा निविदा जारी कर कार्य करने की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही 10 दिवस के अंदर निविदाएं जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आर्थिक विवरण वर्ष 2023-24 को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

कटोराताल पर लेजर शो के संबंध में कार्यपालक संचालक को परीक्षण कर स्वीकृति देने हेतु अधिकृत किया गया। म्यूजियम का अपग्रेडेशन में तकनीकी समिति सुनिश्चित करे कि प्रस्तावित दरें बाजार दर एवं यूएडीडी एसओआर के समरूप हों, इसके पश्चात ही निर्णय लिया जायेगा। बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

# राजस्व अमले ने अडूपुरा रामजानकी मंदिर की कुल 26 बीघा भूमि एवं 14 बीघा पर खड़ी फसल को आधिपत्य में लिया

## भूमि पर बने दो आवासों को भी आधिपत्य में लेकर किया सील, जिले में अतिक्रामकों के विरूद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई



**ग्वालियर।** औकाफ माफी के साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध ग्वालियर जिले में की जा रही कार्रवाई की कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर राजस्व अमले ने अडूपुरा स्थित श्री रामजानकी मंदिर से लगी हुई 26 बीघा भूमि तथा उक्त भूमि के 14 बीघा भाग पर खड़ी फसल से अतिक्रामक नरेन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, परमेन्द्र गुर्जर तथा रामेन्द्र गुर्जर को बेदखल कर कब्जा प्राप्त कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव ने बताया कि खड़ी फसल को मोजा पटवारी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है। फसल की सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी में प्राप्त धनराशि को मंदिर के खाते में जमा कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि भूमि पर ही क अर्द्धनिर्मित मकान तथा एक अन्य मकान को भी आधिपत्य में लेकर सील किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री यादव ने बताया कि रामजानकी मंदिर प्रबंधक कलेक्टर ग्वालियर माफी औकाफ के ग्राम रवार स्थित सर्वे नं. 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135, 136, 127, 137, 138, 125, 356, 357, 359 कुल क्रेता 16 कुल रकबा 5.4 हैक्टेयर (26 बीघा) भूमि तथा उक्त भूमि के 14 बीघा पर खड़ी फसल को आधिपत्य में लिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेन्द्र बाबू यादव, तहसीलदार श्री शिवदत्त कटारे, राजस्व निरीक्षक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी के साथ ही तहसील अमला भी उपस्थित था।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 118 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 118 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री संजीव जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 118 आवेदनों में से 49 दर्ज किए गए। शेष 69 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा जो मामले राजस्व न्यायालय में विचाराधीन हैं उनका निराकरण भी विधिवत सुनवाई कर तेजी से किया जाए। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी कलेक्टर ने कराया।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुनीश सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 32 डफरिन सराय पडाव के समस्त दुकानदारों ने आवेदन देते हुए बताया कि डफरिन सराय में घुसते ही कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से नाश्ता, गन्ना, पान आदि की दुकानें सडक पर लगाने से आम रास्ता अवरूद्ध होता है। जिससे आमजन को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 22 गोपाल पुरा के समस्त निवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा भैंस डेयरी का संचालन किया जा रहा है। जिस कारण क्षेत्र में गंदगी फैलती है और बीमारियों का सामना करना पडता है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने अपर आयुक्त को दिये। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 46 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।



# आयुर्वेद और स्वस्थ्य जीवन शैली द्वारा केंसर से लड़ा जा सकता है - मंत्री श्री कुशवाह




**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं द्वियांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि आयुर्वेद और स्वस्थ जीवन शैली, योग और प्राणायम जीवन में शारीरिक बल के साथ आध्यातमिक शक्ति का संचार करता है, इसके मध्यम से कैंसर जैसी बीमारी से आसनी से लड़ा जा सकता है । उन्होंने यह बात उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला की मौजूदगी में भोजपाल मित्र परिषद द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के ज्ञान-विज्ञान भवन में प्रदेश के आयोजित हुए कैंसर निदान समझदारी और समाधान कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है लेकिन इसको होने से रोका जा सकता है इसके लिए आवश्यक है कि हम अपनी इम्युनिटी पावर को मजबूत रखें। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक और योग के माध्यम से हम अपनी इम्युनिटी पावर को आसानी से बढ़ा सकते हैं। श्री कुशवाह ने कहा कि कैंसर रोग के उपचार के लिए अनेक शोध संस्थान सरकार तथा निजी क्षेत्र से संचालित किया जा रहे हैं, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को उपचार भी प्राप्त हो रहा है। भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा भी कैंसर रोग के निदान और उपचार के लिए मरीज को आर्थिक सहायता, दवाइयां से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन आवश्यकता कैंसर के प्रति अभी और अधिक जागरूकता लाने की है जिससे व्यक्ति कैंसर के कारणों से बचाव कर सकें । उन्होंने कहा कि संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या के माध्यम से हम कैंसर जैसी बीमारी से आसानी से बचा जा कर सकता हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि स्वस्थ भारत का निर्माण किया जाए , इसके लिए नागरिको में जगरूकता और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना होगा उन्होंने तो राज्य सरकर द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाई जा रही वीभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बतलाया। आरोग्य भारती के श्री अशोक वाष्णेय ने कहा कि सकारात्मक सोच और स्वस्थ ऊर्जावान जीवन का मूलाधार है उन्होंने मौसम अनुरूप भोजन और नियमित व्यायाम और जीवन शैली में सामहित करने की सलाह दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जनप्रतिनिधियों ने इन्दौर में दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन पर इंदौर में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने शुभकामनाएँ दी। मंगलवार रात उज्जैन से एयरपोर्ट इंदौर पहुँचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एयरपोर्ट में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने स्वागत किया महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण सिंह चावड़ा, श्री जयपाल सिंह चावड़ा, श्री दीपक जैन टीनू , श्री चिंटू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संभागायुक्त इंदौर श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण श्री अनुराग, एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ देकर शुभकामनाएँ दी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह और आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को खजराना गणेश की माला पहनाई और प्रसाद भेंट किया।

**Office of The Divisional Forest Officer, Kuno Wildlife Division Sheopur (M.P.)**
Shivpuri Road Sheopur 476337
E-Mail - dfokunowls@mp.gov.in, ddkuno@gmail.com Phone No. 07530220004

//ADVERTISEMENT //

Applications are invited for the post of Field Biologist at Kuno Wildlife Division (Sheopur, MP) The position will be purely on contractual basis for a period of 12 months.

| | |
|---|---|
| Essential Qualification (EQ) | Post Graduate Degree(MSc/PhD) in Wildlife Science or MSc in Any branch of Life Sciences/ Remote Sensing/GIS/Environmental Science with and at least One years of field research experience on Wildlife population assessment & Survey (proof to be submitted along with application) from national institute WII/NCBS or National NGOs involved in Wildlife Conservation or WWF/WCT/WTI |
| Emoluments | Rs 37,000/- per month H.R.A. Not Applicable |
| Starting date and last date for filling the application | Application Start Date 28.03.2025 Time 11:00 AM<br>Application Close Date to 14.04.2025 05:00 PM |

For Application Form and Other Details Please visit
https://qr.me-qr.com/EpAAs6ZRD
or Alternatively you can Scan the QR Code

Note: Only candidates in excellent health condition, physical and mental fitness, and willing to conduct arduous field work in remote forests under extreme field conditions need to apply.

G-24782/24

Divisional Forest Officer
Kuno Wildlife Division, Sheopur

# महिला एवं बाल विकास बानमौर शहरी द्वारा पोषण भी - पढ़ाई भी कार्यशाला

## पोषण भी पढ़ाई भी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शीतला गार्डन बानमौर में किया गया



**बानमौर।** पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास परियोजना बानमौर शहरी द्वारा परियोजना अधिकारी व कोर्स डायरेक्टर प्रीती राणा के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण हेतु शीतला गार्डन बानमौर में 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा कार्यशाला,प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 24 मार्च 2025 को किया गया। इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बानमौर प्रीती राणा बानमौर,समस्त पर्यवेक्षक,मास्टर ट्रेनर एवं विभाग के अन्य अधिकारी,कर्मचारी भी उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास चंबल संभाग मुरैना के सिद्धार्थ द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान है, जो आधी आबादी एवं जन्म से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण के लिए शासन की मंशा एवं निर्देशों के अनुरूप एक महत्वकांक्षी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसे ''पोषण भी, पढाई भी'' नाम दिया गया है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पोषण भी पढ़ाई भी एक ऐसा प्रयास है, जो 0-6 वर्ष के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही श्री सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन किए गए कार्यों की प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से पोषण ट्रैकर एप पर सुनिश्चित करें। परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक सपोर्टिव सुपरविजन के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, जिससे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती उपासना राय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम एवं इसकी प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ÷पोषण भी-पढ़ाई भी÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम इस दिशा में सहायक होगा, साथ ही कहा कि छोटे बच्चों के संर्वांगीण विकास लिए पोषण के साथ शिक्षा भी जरुरी है। लेकिन यह अनौपचारिक शिक्षा के स्वरुप में ही होनी चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत शासन द्वारा पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। कार्यशाला में पोषण भी-पढ़ाई कार्यक्रम के विभिन्न घटकों व प्रावधानों आदि के बारे में पोषण भी पढ़ाई भी कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारी प्रीती राणा, एवं समस्त मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक कविता कुशवाह, संगीता सिंह, मधु शर्मा, रचना शर्मा, अमिता शाक्य एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया गया। परियोजना अधिकारी प्रीती राणा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम में समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल कैरीकुलम फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 आधारशिला एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 नवचेतना के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण के लिए इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।प्रतिदिन प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक एवं सुझाव भी लिए जाएंगे।

## संपादकीय

# मुक्त व्यापार की विडंबना

आरसीईपी पर दस्तखत ना करने की एक वजह न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से आयात के कारण भारतीय दुग्ध उद्योग के लिए संभावित खतरे को बताया गया था। अब भारत ने न्यूजीलैंड से ही एफटीए वार्ता शुरू कर दी है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बाद अब भारत ने न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू की है। छह साल पहले के घटनाक्रम को याद करें, तो न्यूजीलैंड से अब ऐसे करार की बनी जरूरत को एक विडंबना ही कहा जाएगा। गौरतलब है, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते के लिए वार्ता में भारत आरंभ से शामिल था। लेकिन 2019 में जब दस्तखत की बारी आई, तो ऐन वक्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ना करने का फैसला किया था। तब इसकी एक वजह चीनी उत्पादों से भारतीय बाजारों के पट जाने की आशंका को बताया गया था। यह पेचीदा सवाल दूसरे कारण के तौर पर न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से संभावित आयात से भारतीय दुग्ध उद्योग के खतरे में पड़ने की सूरत का जिक्र हुआ था। वो दोनों दुग्ध उत्पाद में अग्रणी देश हैं। आरसीईपी में शामिल ना होने के कारण भारत चीनी उत्पादों से किस हद तक बचा पाया, यह अलग, लेकिन गंभीर पड़ताल का विषय है। बहरहाल, अब न्यूजीलैंड से भारत ने एफटीए के लिए वार्ता शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड में औसत आयात शुल्क 2.3 प्रतिशत है, जबकि भारत में यह औसतन 17.8 फीसदी है। ऐसे में साफ है कि किस देश को आयात शुल्क में अधिक रियायत देनी होगी। ऐसे में न्यूजीलैंड के अपेक्षाकृत सस्ते दुग्ध उत्पादों से भारतीय दुग्ध उत्पादकों को कैसे संरक्षण दिया जाएगा, यह पेचीदा सवाल है। फिर न्यूजीलैंड आरसीईपी का सदस्य है। ऐसे में वहां चीनी उत्पादें के हुए आयात को सेकंडरी निर्यात के तौर पर भारत भेजा गया, तो उससे बचाव के लिए भारत बाड़ कैसे लगा पाएगा? न्यूजीलैंड मांस और शराब का भी बड़ा निर्यातक है। तो उसके लिए भारतीय बाजार के खुलने की संभावना बनेगी। जब ऋषि सुनक के कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बात आगे नहीं बढ़ी, तो एक तत्कालीन ब्रिटिश मंत्री ने कहा था कि भारत करार के तहत सिर्फ फायदा चाहता है, रियायत नहीं देना चाहता। स्पष्टतः इस नजरिए के साथ एफटीए नहीं हो सकता। मगर मुद्दा है कि भारत का ऐसा नजरिया क्यों है? भारत को अपने उत्पादों के प्रतिस्पर्धी में टिकने का भरोसा क्यों नहीं है?

# नफरत है राष्ट्र धर्म!

हरिशंकर व्यास

यों मुर्दा कौम मुर्दों, कब्रिस्तानों में ही सांसें लेती हैं और भय के भूत उसका परिवेश! इसलिए आश्चर्य नहीं है जो हिंदू राजनीति में औरंगजेब का कंकाल उपयोगी है और काला रंग संसद को स्थगित करवा देता है! इस सप्ताह तमिलनाडु के नेताओं के टीशर्ट पर 'तमिलनाडु विल फाइट, तमिलनाडु विल विन' शब्दों को पढ़ संसद स्थगित हुई। वहीं नागपुर में औरंगजेब पर हिंसा हुई। उसकी कब्र तोड़ने वाले के लिए पुरस्कार की घोषणा सुनी! तीसरी खबर भूतहा मणिपुर में सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की विजिट है। यह सब किस बात का प्रमाण है? नफरत का बतौर राष्ट (सत्ता) धर्म उपयोग!

शनिवार को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार कर रहे हैं कि दक्षिण कैसे उत्तर भारत से, भाजपा से बचे! सप्रीम कोर्ट के जज मणिपुर में फील करेंगे कि नफरत में लोग कैसे एक दूसरे के जानी दुश्मन है! संभव है औरंगजेब की कब्र के मसले में दंगे के कथित देशद्रोही मास्टरमाइंड और पकड़े जाएं!

क्या यह सब उसी इतिहास की और भारत के पुनर्वास का सफर नहीं है, जिसमें औरंगजेब, संभाजी भी था तो भगवे, हरे झंडे की रियासतें भी थीं? भूल जाएं संघ परिवार, भाजपा और नरेंद्र मोदी के एकात्म मानववाद, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के जुमलों को और याद करें उस औरंगजेब को, जिसने पूरे भारत पर कब्जा करने की जिद्द में नफरत, क्रूरता से यह ठानी कि दक्षिण में भी मेरा राज हो। और हिंदुओं से ऐसा सलूक हो कि उनकी नस्ल भयाकुल हो जाए। वह फिर इतिहास का महानायक, विश्वगुरू कहलाएगा। औरंगजेब की रग-रग में तब क्या था? सिर्फ सत्ता की भूख और भूख। तभी चौबीसों घंटे अपने एकेश्वर अहंकार में दिन-रात सत्ता के अभियानों में खोए रहना।

क्या मैं गलत हूं? ध्यान रहे औरंगजेब उस मुगल खानदान का था, जिसमें उससे पहले एक अकबर हुआ था। अकबर भी सत्ता की ललक में साम्राज्य बढ़ाने का धुनी था। उसे राणा प्रताप की एक गज स्वतंत्र जमीन बरदाश्त नहीं थी। बावजूद इसके उसे औरंगजेब जैसा नहीं समझा गया। तभी अकबर और औरंगजेब का फर्क इतिहास का वह सत्य है, जिसमें अकबर की मौत के बाद परिवार का आगे भी शासन कायम रहा वही औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य का हिंदुस्तान तितर-बितर होने लगा!

बहरहाल, तमिलनाडु और दक्षिण के मन को बूझें। किसलिए मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके बेटे ने सनातन धर्म, रुपए के सिंबल की जगह तमिल शब्द, हिंदी विरोध और परिसीमन पर वह रूख बनाया जो असल में मोदी-योगी याकि हिंदू राजनीति के तौर-तरीकों के प्रति नफरत है? वजह केंद्र सरकार की दादागिरी है। वह शोर, वह भौकाल है कि हमी से देश है। भाजपा ने वह भगवा राजनीति बनाई है, जिसमें नफरत है और हर कोई अपनी अस्मिता, पहचान, भाषा और सत्ता को लेकर भयाकुल है। नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फड़नवीस, मणिपुर को तबाह करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह हों या ममता बनर्जी, स्टालिन, सिद्धारमैया, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव आदि सभी का दिल-दिमाग चौबीस घंटे इस असुरक्षा में गुजरता है कि कहीं हम हार न जाएं, कहीं हम धांधली के शिकार न हो जाएं। धोखा न खा जाएं।

उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राहुल गांधी ने महाराष्ट में अपने को धोखे में हारा माना है तो अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल भी ऐसा ही मानते हैं। इसलिए ममता बनर्जी और स्टालिन भी आशंकित हैं। ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सब वोटर लिस्ट से भारत की व्यवस्था, लोकतंत्र, चुनाव आयोग, कोर्ट सभी के प्रति आशंकित और भयाकुल हैं। वही दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ दिन रात सोचते होते हैं कि वह क्या हो, जिससे भयाकुल हिंदू गोलबंद हों, वे सब कुछ भूलकर औरंगजेब के दुःस्वप्न देखें, मस्जिद देखें, मुसलमान देखें! तबी पूरा देश नफरत के दो मैदान में कनर्वट है। पक्ष से भी नफरत और विपक्ष से भी नफरत! दोनों से परे जो तटस्थ है उनका कुल आबादी में प्रतिशत नगण्य सा है।

इसलिए सब कुछ एक्स्ट्रिम! इतना भयावह की जहरीले पानी को भी फर्जी सर्टिफिकेटों से 'अमृत' करार दिया जा रहा है! साल भर बाद एमके स्टालिन के आगे विधानसभा चुनाव है तो वे भी लोहे से लोहे को काटने के लिए लोगों को भड़काने, नफरत से गोलबंद करने की वही राजनीति कर रहे हैं जो मोदी के आइडिया ऑफ इंडिया का कामयाब नुस्खा है। इसलिए भारत के लोकतंत्र में राजनीति अब मध्यकाल से अधिक नफरती है। युद्ध में दुश्मनों की आमने-सामने की हथियारों की लड़ाई से वह अधिक घातक है। पूरा देश ही मैदान हो गया है!

# पूरा प्रदेश नफरत का मैदान!

हरिशंकर व्यास

मणिपुर में जातीय हिंसा को दो साल होने जा रहे हैं। 2023 की मई के पहले हफ्ते में कुकी और मैती समूहों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मरे हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए है। ऐसा लग रहा था कि अब वहां शांति बहाल हो जाएगी। लेकिन उलटे हिंसा और भड़क गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आठ मार्च से मणिपुर की सारी सड़कें खोल देने और आवागमन सामान्य रूप से बहाल करने का आदेश दिया था। लेकिन आठ मार्च को सड़कें खुलीं तो हिंसा भड़क गई। सुरक्षा बलों के घेरे में कुछ सड़कों पर आवाजाही शुरू हुई है लेकिन आठ मार्च के बाद जितने हमले हुए उन्हें देखते हुए लोग अभी जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। मणिपुर में भाजपा के तमाम प्रयोग फेल हैं। कारण यह है कि हिंसा भड़कने के बाद जो काम सबसे पहले होना चाहिए था वह करने की बजाय सब कुछ किया गया। प्रधानमंत्री चाहते तो मणिपुर को उस अवस्था में पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटा कर हालात सामान्य करने का प्रयास कर सकते थे। लेकिन हिंसा भड़कने के बाद भी बीरेन सिंह बने रहे।

**प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए**

वे बहुसंख्यक मैती समुदाय को उकसाने वाली बातें भी करते रहे। जातीय भावनाओं को उकसा कर उन्होंने शांति नहीं बहाल होने दी। न प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए और न उन्होंने मुख्यमंत्री बदला। जब पानी सर के ऊपर से बहने लगा तो पिछले महीने फरवरी में मुख्यमंत्री को हटाया गया। यह माना गया कि बीरेन सिंह के हटने से शांति बहाल होगी लेकिन वह भी नहीं हुआ क्योंकि बीरेन सिंह पहले ही बहुत डैमेज कर चुके थे। उनको हटाने से पहले केंद्रीय गृह सचिव रहे अजय कुमार भल्ला को वहां राज्यपाल बना कर भेजा गया। बीरेन सिंह के हटने के बाद भल्ला की कमान में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। उसी भरोसे में अमित शाह ने आठ मार्च को आवागमन सामान्य बनाने का ऐलान किया। लेकिन राष्ट्रपति शासन में राज्यपाल भी कुछ नहीं कर पाए। इस बीच फिर से सरकार बनाने की कोशिश होती रही। मैती विधायकों की आम राय से सरकार गठन का प्रयास हुआ लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस तरह अब तक हुए तमाम प्रयास और प्रयोग विफल हो गए हैं। इसका कारण यह है कि किसी में ईमानदारी नहीं थी। यह भावना नहीं थी जातीय हिंसा खत्म करके हालात सुधारने हैं।

**सिर्फ एक मणिपुर का मामला नहीं**

नए प्रयोग के तहत सुप्रीम कोर्ट के छह जज मणिपुर जा रहे हैं। 22 और 23 मार्च को नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर में मौजूद रहेंगे। झ ये जज लोगों को मुफ्त कानूनी सेवा और मेडिकल सेवा उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेंगे। यह भी कहा गया है कि मारे गए लोगों के परिजनों और विस्थापितों को मुफ्त लीगल सेवा के प्रति जागरूक करने और हिंसा पीड़ितों के लिए राहत कार्यो को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम है।

यह एक अच्छी पहल है और इसके पीछे मंशा भी ठीक है। लेकिन सामाजिक स्तर पर जितना अविश्वास बढ़ा है और जिस तरह दोनों समुदाय एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं उसमें बड़ी राजनीतिक पहल की जरुरत है।

## शब्द सामर्थ्य -364

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | |
| 19 | | | | ■ | | | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू- दोकू क्र.364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पिता की सलाह से आपका बिजनेस बहुत ही अच्छा चलेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त जल्दबाजी न करें। आप नया बिजनेस स्टार्ट करने के बारे में भी विचार करेंगे। टीम वर्क से आपका काम बहुत ही आसान होगा। आपको कार्यों में किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा। मन में चल रही किसी उलझन को जीवनसाथी से शेयर करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृषभ**

आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप अपने काम के प्रति निष्ठावान रहेंगे, जिससे बॉस आपसे प्रसन्न होगे। ससुराल पक्ष से आपको सपोर्ट मिलेगा। किसी से उधार लिया धन आज वापस कर देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी। अपने परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, जहां आप काफी एंजॉय करेंगे। आपकी माता का आपको बहुत ही सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे।

**मिथुन**

आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। काफी दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज आप कीमती वस्तु खरीदने का मन बनायेंगे। आपका करीबी मित्र आपसे आर्थिक मदद करने के लिए कहेंगे, आप उन्हें अपना सहयोग देंगे। इस राशि के जो स्टूडेंट सरकारी जॉब के लिए अप्लाई किये हैं उनके लिए जल्द ही सफलता के योग हैं, अपनी मेहनत जारी रखें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपके सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क**

आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आएगा। अपने जीवन में आ रही सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किसी अच्छे सलाहकार से सलाह लेंगे, आपको जल्द ही समाधान मिल जायेगा। किसी इवेंट में पार्टिसिपेट का मौका मिलेगा, जहां आप अपने विचार रखेंगे। आज आपके शत्रु भी आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे, आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ेंगे। आज आपके सभी रुके हुए काम पूरे होंगे। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनाएंगे।

**सिंह**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ वाला रहेगा फिर भी आप अपना काम अच्छे तरीके से पूरा कर लेंगे। अपने दयालु स्वभाव के कारण किसी चतुर व्यक्ति का शिकार बन सकते हैं, थोड़ा सचेत रहें। प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ने के योग बन रहे हैं, अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करें। आज माता आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए कह सकती है।

**कन्या**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर में माता जी आज कोई धार्मिक कार्यक्रम करेंगी, आपको काफ़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपने सरल व्यवहार से आप दूसरों के दिलों पर राज करेंगे। इस राशि के जो लोग अपना नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं, किसी अच्छे मुहूर्त पर ही करें, तो आपको साल भर लाभ ही लाभ होगा। ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है, यात्रा लाभदायक साबित होगी। लवमेट लंच करने बाहर जाएंगे, जिससे एक दूसरे को और समझने का मौका मिलेगा।

**तुला**

आज आपका दिन बेहद ही उत्सुकतापूर्ण रहेगा। वैज्ञानिक आज लैब में नया परीक्षण करेंगे। आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ेगी जिन्हें आप अच्छे से निभाएंगे। लवमेट को आज एक दूसरे को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा, उनके बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। बिजनेसमैन आज काफी व्यस्त रहने वाले हैं, अपने बिजनेस में तरक्की के लिए नयी तकनीकों का सहारा लेंगे। जीवनसाथी आज किसी उपहार की मांग कर सकते है। आज जरूरतमंद को भोजन कराएंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड करेंगे, जिसमें कई मुद्दों पर बातचीत होगी। आप को ज्यादा वर्क करना पड़ेगा इसलिए आप अपनी वर्किंग स्पीड मेंटेन करेंगे। आज साइंस के स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा, पूरा दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। किसी भी प्रकार का नया काम करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना अच्छा रहेगा। आज आप आवेश में आकर निर्णय लेने से बचें, पहले काफी सोच-विचार कर लें। आज बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**धनु**

आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाया है। आज आपके आस-पास धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। आपका व्यापारिक दृष्टिकोण बढ़ेगा, जिससे अपने बिजनेस को बढ़ाने में सफल होंगे। आपके दोस्त आपसे कुछ डिमांड करेंगे जिसको पूरा करने में आप सक्षम होंगे। अपना कोई फ्लैट किराये पर देंगे जिससे आपकी आमदनी बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य आज बहुत ही अच्छा रहेगा, आप प्रसन्न रहेंगे। कोर्ट में चल रहे किसी मुकदमे का फैसला आपके पक्ष में आएगा।

**मकर**

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। पास के किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जाएंगे। काम के सिलसिले में आपको किसी दूसरे राज्य भी जाना पड़ सकता है। इस राशि के जिन महिलाओं को अपना बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छा दिन है। जो लोग रियल स्टेट के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज ज्यादा लाभ होगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

**कुंभ**

आज का दिन आप लोगों के लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका मुकदमे से संबंधी मामला सॉल्व होगा, जिससे आपकी उलझन कम होगी। अपने स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए आप अपनी डाइट में हरी सब्जियों को एड करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों के लिए समय अच्छा है। आज अचानक धन लाभ होने से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे, लोग आपकी पर्सनालिटी से प्रभावित होंगे।

**मीन**


आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज ऑफिस में बॉस द्वारा पार्टी मिलेगी जिसे सभी लोग एंजॉय करेंगे। इस राशि की माताएं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगी। आँखों की समस्या के लिए आप किसी नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेंगे। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। उचित दिशा में की गयी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आज का दिन लवमेट के लिए अच्छा रहने वाला है।

# कूनो नेशनल पार्क : मादा चीता से शिकार छुड़ाकर हमने प्रकृति के नियमों से छेड़छाड़ की है.!

विनोद पाठक

**क्या मानव को प्रकृति में बाधक बना चाहिए ? क्या वन्य जीवों के जीवन में व्यवधान पैदा करना चाहिए ? संभवतः सभी का उत्तर नहीं होगा, लेकिन मानव वन्य जीवों के जीवन में निरंतर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश के श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क का है, जहां ग्रामीणों ने मादा चीता ज्वाला को दो बार शिकार करने से रोका। मादा चीता अपने चार शावकों को लेकर निकली थी हालांकि कुछ लोग यह बेतुका तर्क दे सकते हैं कि ग्रामीणों ने दो पालतू जानवरों की जान बचाई, लेकिन यदि शिकार न मिलने के कारण भूख से मादा चीता और उसके शावक मर जाएं तो उसका दोषी कौन होगा ? वैसे भी चीता के लिए शिकार पकड़ना आसान नहीं होता है।**

कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक सड़क पर अजगर ने एक हिरण को जकड़ लिया था। एक युवा ने झाड़ी मार-मारकर अजगर को हिरण छोड़ने के लिए विवश कर दिया था। तब भी एक बहस चली थी कि क्या हमें प्रकृति और वन्यजीवों के साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए? अजगर भी उन प्राणियों में शामिल है, जिसे बेहद मुश्किल से शिकार मिलता है, लेकिन अक्सर सोशल मीडिया पर हम ऐसे वीडियो देखते हैं, जहां अजगर को पकड़ कर उसके शिकार को पेट से बाहर तक निकाल दिया जाता है। कूनो नेशनल पार्क में भारत सरकार का एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चीता चल रहा है। अफ्रीका से लाकर यहां पर चीते छोड़े गए हैं। भारत सरकार की कोशिश है कि देश में साल 1948 में ही विलुप्त हो चुके इस दुर्लभ जीव को पुनर्स्थापित किया जाए, लेकिन क्या हम ऐसा होने देने के इच्छुक हैं? श्योपुर की घटना को ही लें। मादा चीता ज्वाला अपने चार शावकों के साथ कूनो नेशनल पार्क से निकलकर 30 किलोमीटर दूर वीरपुर क्षेत्र में पहुंच गई थी। वहां पर उसने एक बार बछड़े को दबोचा तो दूसरी बार भैंस के पाड़े को पकड़ने का प्रयास किया। दोनों बार ग्रामीणों ने लाठियों के बल पर मादा चीता ज्वाला को विवश किया कि वो शिकार को छोड़कर भाग जाए। ग्रामीणों ने इतना शोर मचाया कि मादा चीता और शावकों को लेकर



जंगल में भागना पड़ा। हद तो यह थी कि कुछ ग्रामीणों ने वन्यजीवों पर पथराव तक कर दिया। कूनो नेशनल पार्क से जुड़े वन्य अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि चीता कभी मानव पर हमला नहीं करता है। फिर भी श्योपुर में लोग न जाने क्यों घबराए हुए हैं? लगता है, उन्हें यह तथ्य पता नहीं है। वो तो गनीमत रही कि मादा चीता और शावकों को ग्रामीण ने लाठी-डंडों से मार नहीं डाला।

मानव और वन्यजीवों का द्वंद्व नया नहीं है। यह आदिकाल से चला रहा है। अब तो स्थिति यह हो गई है कि हमने जंगल खत्म कर डाले हैं। वन्यजीवों को बचाने के लिए सरकार को जंगल बनाने पड़ रहे हैं। इन जंगलों में भी मानव का हस्तक्षेप खत्म नहीं हो रहा है। जंगल में वन्यजीवों को शिकार नहीं मिलता तो वो मानव बस्तियों में आ जाते हैं।

हम भले वन्यजीवों से किसी शिकार को छुड़ाकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें, लेकिन उस वन्यजीव का भी सोचिए, जिसको भोजन से वंचित किया गया है। विशेष कर यदि वन्यजीव मांसाहारी है तो उसे भोजन कहां से मिलेगा? वन्यजीव से शिकार को छुड़ाकर मानव कोई उपकार या पुण्य का कार्य तो कर नहीं रहा है, बल्कि वो प्रकृति के नियम को तोड़ रहा है।

देश में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर कानून बने हुए हैं, जिनमें सजा का प्रावधान है, लेकिन वन्यजीवों से शिकार छुड़ाने का जिक्र अभी कानून में नहीं है। सरकार को कानून में संशोधन कर इस विषय को भी जोड़ना चाहिए। साथ ही, सरकार को जन-जागरूकता निरंतर लाने की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम में शुरुआत से वन्यजीवों को लेकर पढ़ाया जाए और बच्चों को यह सिखाया जाए कि प्रकृति वन्यजीवों के बिना अधूरी है। फिर चीता तो एक दुर्लभ वन्यजीव है। पूरी दुनिया में इनकी संख्या 7000 के करीब ही बची है। भारत में तो यह 77 साल पहले ही समाप्त हो गए थे। एक बार पुनः इन्हें भारत में स्थापित करने के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन जो घटना श्योपुर में हुई है, वो चिंताजनक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि मानव वन्य जीवों के लिए जीवन में व्यवधान पैदा कर सके।

# हेल्दी और हाइजीनिक फूड की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## एक महीने का सघन जागरूकता अभियान चलायें, जन प्रतिनिधियों को भी करें शामिल
## खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता प्रबंधन की समीक्षा की



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ÷मन की बात÷ में देशवासियों को उचित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संतुलित और स्वच्छ भोजन नागरिकों के स्वास्थ्य का आधार है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और खाद्य संस्थानों को सही खाद्य पदार्थों का उपयोग और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु की जा रही कार्यवाहियों और गतिविधियों की वृहद समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, आयुक्त फूड सेफ्टी श्री संदीप यादव, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दिनेश कुमार मौर्य, संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में एक महीने का विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। जिसमें सभी जिलों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच हो साथ ही अच्छी प्रैक्टिस की जानकारी भी दी जाये। एक माह बाद खाद्य गुणवत्ता में सुधार के प्रभाव की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना का निर्धारण किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा संबंधी बेहतर तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल करने का प्रयास किया जाए ताकि वे अपने क्षेत्रों में जन-जागरूकता का प्रसार कर सकें। उन्होंने कहा कि हर ज़िले में हेल्दी और हाईजेनिक फ़ूड स्ट्रीट प्रमाणन के प्रयास किए जायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री मोदी के ईट राइट इंडिया अभियान को गति देगा और नागरिकों को सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश को आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्दी और हाइजीनिक फूड की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। खाद्य पदार्थों की जाँच में तेज़ी लाने के लिये 3 नई संभागीय खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं का निर्माण इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में किया जा रहा है। इंदौर और जबलपुर में मशीनें स्थापित कर मानव संसाधन उपलब्ध कराकर परीक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ग्वालियर में 60 प्रतिशत सिविल कार्य पूरा हो चुका है। भोपाल में हाइटेक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला का 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत प्रदेश में 1 अप्रैल से 31 दिसंबर 2024 तक 10,670 लीगल नमूने और 31,387 सर्विलेंस नमूने लिए गए, जिनमें से 30,692 नमूनों का विश्लेषण किया गया। इनमें 1,663 नमूने असुरक्षित, अवमानक या मिथ्याछाप पाए गए। विभाग ने 1,729 प्रकरण दायर किए और 2,015 प्रकरणों का निपटारा किया, जिनमें से 2,000 प्रकरणों में दोषसिद्धि हुई। इस अवधि में 24,485 लाइसेंस और 1,46,258 रजिस्ट्रेशन जारी किए गए। लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन से 12.47 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि 9.02 करोड़ रूपये का अर्थदंड अधिरोपित कर 2.98 करोड़ रूपये की वसूली की गई। खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 270 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 13,588 खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षित किया गया है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 563 जनजागरूकता कार्यक्रमों में 15,185 नागरिकों को प्रशिक्षण दिया गया। फोर्टिफाइड राइस कर्नेल निर्माताओं को भारत सरकार के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया। 'ईट राइट' गतिविधि के तहत 10 ईट राइट कैंपस, 9 ईट राइट स्कूल, 3 क्लीन वेजिटेबल मार्केट, 4 सेफ भोग प्लेस, 188 हाईजीन रेटिंग और 2 ईट राइट स्टेशनों को प्रमाणित किया गया है। संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। अवमानक खाद्य (सबस्टैंडर्ड) वह होता है जो निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता, लेकिन इससे मानव स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं होता। मिथ्याछाप खाद्य (मिसब्रांड) वह खाद्य पदार्थ है, जिसके संबंध में आवश्यक जानकारी या गुण-दोष लेबल पर सही तरीके से अंकित नहीं किए गए हों। वहीं, असुरक्षित खाद्य (अनसेफ) ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं, जिनकी प्रकृति, गुणवत्ता या सामग्री मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। अधिनियम के तहत दो प्रकार के प्रकरण अभियोजित किए जाते हैं। सिविल प्रकरण (धारा 51 से 58 एवं 61, 63) में अवमानक या मिथ्याछाप से संबंधित अपराध या नियमों का उल्लंघन होने पर मामले न्याय निर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं। आपराधिक प्रकरण (धारा 59, 60, 62, 64, 65) में असुरक्षित खाद्य या बिना लाइसेंस व्यापार से जुड़े मामले प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत होते हैं, जिनमें अधिकतम आजीवन कारावास तक का प्रावधान है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं





**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास में जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वस्थ, सुदीर्घ और सफल जीवन की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सतत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास सभी क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी नीतियों से मध्यप्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## भोजपाल मित्र परिषद के कैंसर जागरूकता एवं जाँच शिविर का किया शुभारंभ



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भारत वर्तमान में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आने वाला समय भारत का है। हम फिर से सोने की चिड़िया बनने की राह पर हैं और इस सपने को पूरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, ÷सबसे पहला सुख निरोगी काया है। विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक है। इसके लिए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा, स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी और नियमित जाँच करवानी होगी, ताकि रोगों का समय पर निदान हो सके और प्रसार को रोका जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ज्ञान विज्ञान भवन, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में भोजपाल मित्र परिषद द्वारा आयोजित कैंसर जाँच एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिये सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय प्रयासों के साथ-साथ निजी सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्ष 2003 में प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। आगामी 2 वर्षों में 8 नवीन शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने की योजना है। इसके अलावा, 12 जिलों में पीपीपी मोड से मेडिकल कॉलेज स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भोजपाल मित्र परिषद द्वारा कैंसर जागरूकता एवं जाँच शिविर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर की सही समय पर जाँच उसके निदान को सरल बनाती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राइट टू हेल्थ के साथ राइट टू स्क्रीनिंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं को मिला रोजगार

**रीवा,कासं.।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने तथा आपरेंटिसशिप मेले के आयोजन के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। टी.आर.एस. कॉलेज परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 1668 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। स्वरोजगार हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये तथा आपरेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन किया गया। युवा संगम अन्तर्गत आयोजित मेगा जॉब फेयर में टीआरएस कॉलेज के सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन व मेहनत से कार्य करें तथा आधुनिक संचार माध्यमों का सकारात्मक उपयोग कर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में युवाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभी पढ़ाई करने वाले युवा भी अपने भविष्य के प्रति जागरूक हैं और आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि चयनित युवा अपना कार्य नियमित करें तथा आवश्यकतानुसार इसे अपग्रेड करें। कलेक्टर ने स्वरोजगार के हितग्राहियों से बाजार की आवश्यकतानुसार उत्पाद निर्मित करने की बात कही। उन्होंने युवाओं व हितग्राहियों से अपने कौशल को बेहतर बनाने की अपेक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न कंपनियों में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने उद्यानिकी विभाग से चयनित हितग्राहियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान किये। इससे पूर्व कलेक्टर ने मेगा जॉब फेयर के पंजीयन काउंटर, काउंसिलिंग काउंटर व विभिन्न कंपनियों के काउंटर में जाकर व्यवस्थायें व प्रक्रिया का अवलोकन किया।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स को बड़ा झटका, को-सीईओ हान जोंग-ही का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को अपने को-सीईओ हान जोंग-ही के आकस्मिक निधन की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि 63 वर्षीय हान जोंग-ही का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह सैमसंग के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल डिवाइस डिवीजन का नेतृत्व कर रहे थे। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि हान जोंग-ही छुट्टी पर थे और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा। कंपनी ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। हान जोंग-ही ने लगभग 40 साल पहले सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में अपना करियर शुरू किया था और उन्होंने कंपनी के टेलीविजन व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी विशेषज्ञता के चलते उन्हें 2022 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का वाइस प्रेसीडेंट और को-सीईओ नियुक्त किया गया था। वह कंपनी के बोर्ड के सदस्य भी थे। उनका निधन ऐसे समय में हुआ है जब सैमसंग हाल के कुछ तिमाहियों में कमजोर मुनाफे और शेयर की गिरती कीमतों से जूझ रही है। कंपनी एडवांस्ड मेमोरी चिप्स और कॉन्ट्रैक्ट चिप मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ रही है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) परियोजनाओं के कारण इन क्षेत्रों में मांग में तेजी आई है। इसके अलावा, स्मार्टफोन बाजार में भी एप्पल ने सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है। सेमीकंडक्टर सेगमेंट में सैमसंग, एसके हाइनिक्स से पीछे है, जो एनवीडिया जैसी कंपनियों को एआई ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (त्नक्क) के लिए एचबीएम चिप्स की आपूर्ति करता है। पिछले हफ्ते हुई शेयरधारकों की बैठक में हान जोंग-ही ने कंपनी के शेयरों के प्रदर्शन पर खेद व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था, हमारे शेयरों के प्रदर्शन पर मैं क्षमा चाहता हूं। पिछले साल, हम एआई सेमीकंडक्टर बाजार में तेजी से हो रहे बदलावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं दे पाए। हान इसी हफ्ते सैमसंग के नए होम एप्लायंसेज के लॉन्च इवेंट में शामिल होने वाले थे।

### दालों में आत्मनिर्भर बन रहा भारत, एनडीए सरकार में आयात के मुकाबले तेजी से बढ़ रहा निर्यात

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर विजन के तहत भारत दालों में तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। बीते 10 वर्षों में देश में दालों का निर्यात, आयात की अपेक्षा तेजी से बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत का दालों का निर्यात वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 4,437 करोड़ रुपये रहा है, जबकि पूरे वित्त वर्ष 15 में यह 1,218 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीते 10 वर्षों में भारत का दाल निर्यात 264.29 प्रतिशत बढ़ा है। दूसरी तरफ, इस दौरान आयात में 86.45 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। देश में वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 31,814 करोड़ रुपये की दालों का आयात किया गया है। वहीं, वित्त वर्ष 15 में यह आंकड़ा 17,063 करोड़ रुपये था। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के शासनकाल के 10 वर्षों में दालों के निर्यात में 187.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और आयात में 457.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। वित्त वर्ष 14 में भारत ने 1,749 करोड़ रुपये की दालों का निर्यात किया था। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 05 में 608 करोड़ रुपये था। यूपीए के शासन में वित्त वर्ष 14 में भारत ने 11,037 करोड़ रुपये की दालों का आयात किया था। वहीं, वित्त वर्ष 05 में यह आंकड़ा 1,981 करोड़ रुपये पर था। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी लगातार काम कर रही है। दालों के किसानों को एनडीए सरकार 93,544 करोड़ रुपये की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान कर चुकी है, जबकि यूपीए सरकार ने अपने शासनकाल में दालों के किसानों को केवल 1,936 करोड़ रुपये की एमएसपी का भुगतान किया था।

# चोटिल खिलाड़ियों की वापसी तक विकल्पों से ही काम चलाना होगा

## लखनऊ की हार के बाद कोच क्लूसनर का बयान





**विशाखापत्तनम,एजेंसी।** आईपीएल 2025 में सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को करीबी मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा। एक वक्त लखनऊ का विन प्रेडिक्शन 98 प्रतिशत दिखा रहा था, लेकिन दिल्ली की पारी के आखिरी पांच ओवर में यह गजब पलटा। विन प्रेडिक्शन ऐसा पलटा की आखिरी ओवर में तीन गेंद शेष रहते ही दिल्ली की टीम जीत गई। इस हार के बाद लखनऊ के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है।

**लखनऊ के चार तेज गेंदबाज चोटिल**

लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा था। टीम के कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। ये सभी खिलाड़ी फिलहाल एनसीए में हैं और रिहैब में हैं। वे एनसीए से फिट सर्टिफिकेट मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लखनऊ को सोमवार को अन्य गेंदबाजों के साथ खेलना पड़ा। शार्दुल ठाकुर, प्रिंस यादव, दिग्वेश और एम सिद्धार्थ के साथ टीम को उतरना पड़ा।

**209 रन का बचाव नहीं कर पाए लखनऊ के गेंदबाज**

ये गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई। क्लूसनर ने मैच के बाद कहा, %अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा।

**बल्लेबाजों को निभानी होगी महत्वपूर्ण भूमिका**

उन्होंने कहा, लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। क्लूसनर ने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं लेकिन जैसा मैंने कहा कि इससे कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है। शार्दुल ठाकुर ने पहले ओवर में ही दो विकेट लिए जिससे वास्तव में मुझे काफी खुशी मिली।

# बांग्लादेश के पूर्व कप्तान को मैच के दौरान आया हार्ट अटैक, आनन-फानन में अस्पताल में कराया गया भर्ती

**ढाका ,एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल के स्वास्थ्य को लेकर एक चिंताजनक खबर सामने आई है। सोमवार को ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एक मैच के दौरान तमीम इकबाल को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। ताजा जानकारी के अनुसार, अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। 36 वर्षीय अनुभवी बल्लेबाज तमीम इकबाल सावर के बीकेएसपी में चल रहे ढाका प्रीमियर लीग में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की कप्तानी कर रहे थे। उनकी टीम का मुकाबला शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब से था। मैच के दौरान अचानक तमीम इकबाल ने सीने में तकलीफ की शिकायत की। मैदान पर प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद उन्हें आगे के इलाज और जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां हुए टेस्ट में पता चला कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के एक डॉक्टर ने बताया, तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी जांच और ईसीजी किया गया। शुरुआती जांच में कुछ समस्या दिखी, जिसे तुरंत पहचानना मुश्किल था। पहले ब्लड टेस्ट में भी एक समस्या सामने आई। उन्होंने असहज महसूस होने और ढाका वापस जाने की इच्छा जताई थी। डॉक्टर ने आगे जानकारी दी, एक एम्बुलेंस बुलाई गई और जब वह अस्पताल से मैदान की ओर लौट रहे थे, तो उन्हें फिर से सीने में दर्द महसूस हुआ। इसके बाद उन्हें दूसरी बार अस्पताल ले जाया गया और ऐसा प्रतीत हुआ कि उन्हें एक बड़ा दिल का दौरा पड़ा है। फिलहाल उन्हें फाजिलतुन्नेस अस्पताल में निगरानी में रखा गया है।÷ सूत्रों के मुताबिक, तमीम इकबाल का ऑपरेशन किया जा रहा है और उनके हृदय में एक स्टेंट डाला जाएगा ताकि रक्त प्रवाह को सुचारू किया जा सके। इस खबर से बांग्लादेश के क्रिकेट जगत में चिंता की लहर दौड़ गई है और उनके प्रशंसक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बने रियान पराग, नंबर 1 पर है ये भारतीय सुपर स्टार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आईपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले में रविवार की रात राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में रियान पराग ने एक नया इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार कप्तानी करते हुए अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया। 23 साल और 133 दिन की उम्र में वह आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बन गए, और इस सफलता के साथ ही उन्होंने अपने से पहले के दिग्गज श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया। लेकिन क्या आपको पता है कि आईपीएल में सबसे कम उम्र का कप्तान कौन है? नहीं तो हम अपने इस लेख में आपको बताएंगे कि कौन है वह दिग्गज।



राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में चोटिल हो गए थे, जिसके चलते टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी रियान पराग को सौंपी गई। इस समय उनकी उम्र 23 साल और 133 दिन है, और वह पहली बार आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले श्रेयस अय्यर ने 2018 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी, तब उनकी उम्र 23 साल और 142 दिन थी। इस मैच में कप्तानी करते हुए रियान पराग ने आईपीएल के इतिहास में चौथे सबसे युवा कप्तान बनने का गौरव हासिल किया और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।

रियान पराग ने अपनी कप्तानी की शुरुआत बड़े आत्मविश्वास के साथ की और अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण फैसले लेने में कोई संकोच नहीं किया। उनका यह कदम न केवल उनके लिए बल्कि राजस्थान रॉयल्स के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। इस मैच के बाद से रियान पराग आईपीएल इतिहास के सबसे युवा कप्तानों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, और यह उनके करियर का एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

रियान पराग की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगी है, लेकिन अगर बात करें आईपीएल के सबसे युवा कप्तान की, तो यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। विराट कोहली ने 2011 में आरसीबी के लिए 22 साल 187 दिन की उम्र में कप्तानी संभाली थी। उन्होंने आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में कप्तानी का रिकॉर्ड बनाया था और इसके बाद से वह लगातार क्रिकेट जगत में एक सुपरस्टार के रूप में चमकते रहे। विराट कोहली ने अपनी कप्तानी में आरसीबी को 2016 में फाइनल तक पहुंचाया, हालांकि उस साल उनका खिताब जीतने का सपना सनराइजर्स हैदराबाद ने तोड़ दिया था।

रियान पराग, अब आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले संजू सैमसन, शेन वॉर्न, राहुल द्रविड़, स्टीव स्मिथ, अजिंक्य रहाणे और शेन वॉटसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस टीम के कप्तान रह चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने 2008 में शेन वॉर्न की कप्तानी में एकमात्र आईपीएल खिताब जीता था, और अब रियान पराग के नेतृत्व में टीम एक नए मुकाम की ओर बढ़ सकती है।

# 23 मई को शादी होना हुई थी तय लेकिन इससे पूर्व ही वर पक्ष ने कर डाली दहेज की लम्बी चौड़ी मांग

## दहेज की मांग पूरी न करने पर तोड़ दी शादी, गुना जिले के आरोन का है लालची वर परिवार, लड़का उसका भाई और पिता तीनों है पशु चिकित्सक



वर दीपक जाटव, पशु चिकित्सक | वर का पिता गणेशराम जाटव, पशु चिकित्सक | वर का भाई प्रशांत जाटव, पशु चिकित्सक

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी जिले के बदरवास के एक परिवार ने बड़ी खुशी से अपनी लाड़ली पुत्री का विवाह गुना जिले के आरोन कस्बे के एक शिक्षित परिवार में किया था। होने वाला वर गुना जिले में पशु चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं और उसका पिता तथा छोटा भाई भी पशु चिकित्सक हैं। वधु पक्ष ने यह सोच कर संबंध तय किया था कि वर पक्ष शिक्षित है और उनकी पुत्री वहां सुखी रहेगी। संबंध तय करते समय दहेज की कोई बात नहीं थी और यह आश्वासन दिया गया था कि आपकी जो इच्छा हो वह अपनी पुत्री को दे दें। लेकिन हमारी कोई दहेज की मांग नहीं है। लेकिन शादी की तिथि नजदीक आते ही वर पक्ष की असलीयत उजागर हो गई। लड़के पिता ने वधु पक्ष के पिता पर दवाब डाला कि दहेज में उन्हें चार लाख रूपए नगद चाहिए। फर्नीचर उनकी पसंद का खरीदा जाए और 55 इंच की टीव्ही, एसी सहित अन्य सभी सामान स्टेंडर्ड का हमें चाहिए। वधु पक्ष ने आर्थिक कारणों से दहेज की मांग पूरी करने से इन्कार कर दिया तो वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। लेकिन संबंध तय होने के बाद से वधु पक्ष अभी तक एक लाख रूपए से अधिक की राशि विवाह की तैयारियों पर खर्च कर चुका है और संबंध तोडने के बाद भी वर पक्ष उक्त राशि वधु पक्ष को देने को तैयार नहीं है। इससे व्यथित होकर वधु पक्ष ने बदरवास थाने में पुलिस को आवेदन देकर वर दीपक जाटव, पिता गणेशराम जाटव और भाई प्रशांत जाटव के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए वधु पक्ष द्वारा खर्च की गई एक लाख रूपए की राशि दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सक दीपक जाटव पुत्र गणेशराम जाटव (पशु चिकित्सक) निवासी नारायणपुरा कॉलोनी आरोन, जिला गुना की शादी बदरवास में तय हुई थी और वर पक्ष द्वारा सगाई की रस्म के बाद शादी की तिथि 23 मई भी तय हो चुकी थी। वर पक्ष द्वारा किसी भी प्रकार का दहेज लेनदेन की बात नहीं हुई थी। वधु पक्ष ने कहा था कि हमसे जो भी बन पड़ेगा हम देंगें। शादी की तारीख पास होने से वधु पक्ष के पिता ने बस वाले को 10 हजार एवं 3-3 हजार तीन फोर व्हीलर गाड़ी वाले को, 5 हजार रूपए कैमरा वाले को, 20 हजार रूपए स्टेज वाले को ब्याना दे दिया गया है। साथ ही घर पर शादी की सभी तैयारियां चल रही हैं। वधु पक्ष ने लड़के के पिता गणेशराम जाटव पशु चिकित्सक को 10 हजार रूपए गार्डन वाले को एवं 10 हजार हलवाई को देने तथा 11 हजार 500 रूपए दीपक के साथ संबंध को पक्का करने पर नगद दिए है। रविवार 23 मार्च 25 को हमें गणेशराम जाटव द्वारा फोन कर घर आरोन बुलवाया गया जिस पर वधु पक्ष के लोग आरोन पहुंचे। घर पहुंचे तो गणेशराम जाटव एवं दोनों पुत्र दीपक जाटव, प्रशांत जाटव घर दिखाकर बोलने लगे की इसमें फर्नीचर, 55 इंच की टीव्ही, एसी, 4 लाख नगद और सभी दहेज का एवं समान हमारे हिसाब से देना होगा तभी हम संबंध करेंगे। वधु पक्ष का कहना है कि हमने शादी की पूरी तैयारियां कर ली है और हम इतना दहेज देने में सक्षम नहीं है तो शादी तोड़ देने की बात कहने लगे और गणेशराम जाटव के पुत्र प्रशांत जाटव ने धमकाते हुए हाथापाई पर आ गए। दहेज लोभी पशु चिकित्सक गणेशराम जाटव, उसके पुत्र दीपक जाटव पशु चिकित्सक एवं दूसरा पुत्र प्रशांत जाटव पशु चिकित्सक शिक्षित होने के बाद भी लालची लोग हैं और ऐसे सरकारी नौकर होने के बाद भी दहेज की मांग कर रहे हैं।

# करैरा पुलिस ने शादी कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एसडीओपी करैरा प्रशांत शर्मा के निर्देशन में एवं थाना करैरा टीआई विनोद छाबई नेतृत्व में शादी के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूर्व में दो आरोपिया को गिरफ्तार किया जा चुका था। थाना करैरा में 11.07.2024 को फरियादी अशोक पुत्र मेवालाल प्रजापति उम्र 28 साल निवासी ग्राम गोरबर थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी ने आरोपी रानी शर्मा उर्फ जामवती पाल निवासी ग्राम निचरौली टीला करैरा, प्रीति लोधी निवासी ग्राम तिंधाई थाना भौंती, एसपी राजा चौहान व रामस्वरूप शर्मा उर्फ परमाल सिंह चौहान निवासी ग्राम बिरौली थाना पिछोर के विरुद्ध शादी के नाम पर शपथपत्र तैयार कर 60,000 रूपये ठगे जाने की रिपोर्ट की थी। आरोपी गणों ने धोखाधड़ी कर शादी का शपथपत्र तैयार कराया एव फर्जी आधार कार्ड की छायाप्रति दी। ग्राम टीलला की जामवती पाल ने रानी शर्मा निवासी गुना बनकर अशोक प्रजापति से शादी की व परमाल सिंह चौहान निवासी बिरौली का रानी शर्मा का फर्जी पिता रामस्वरूप बना था। नकली दुल्हन व गैंग 60000 लेकर चंपत हो गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना करैरा पर अपराध क्रमांक 502/24 धारा 318(4),338,336(3), 340(2),3(5) बीएनएस पंजीबध्द किया एवं विवेचना में लिया। उक्त प्रकरण मे आज आरोपी एसपी राजा चौहान एवं परमाल सिंह चौहान निवासी बिरौली थाना पिछोर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। पूर्व में आरोपिया जामवती पाल निवासी निचरौली, टीला हाल सरकारी अस्पताल के पास करैरा व प्रीति लोधी निवासी ग्राम तिंधारी थाना भौंती को गिरफ्तार किया जा चुका था। यह गैंग क्षेत्र के अविवाहित व्यक्तियों से शादी कराने के नाम पर ठगने का काम करता था। आरोपी गण की गिरफ्तारी में सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव, आरक्षक राधेश्याम जादौन, सुरेंद्र रावत व हरेंद्र सिंह गुर्जर की मुख्य भूमिका रही।

# क्षत्रिय महासभा के लोग सड़कों पर उतरे, सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका



**शिवपुरी ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा सदन में राष्ट गौरव राणा सांगा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी जिससे पूरे देश में उनके प्रति रोष व्याप्त हो गया है। इसी क्रम में क्षत्रिय महासभा जिला शिवपुरी एवं करणी सेना भारत व क्षत्रिय करणी सेना ने मिलकर शहर के महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित होकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव एवं रामजीलाल सुमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। इस दौरान क्षत्रिय समाज के लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। पुतले की जूतों चप्पलों से पिटाई भी की गयी। क्षत्रिय महासभा जिला शिवपुरी द्वारा सांसद को गिरफ्तार करने एवं उनकी संसद की सदस्यता समाप्त करने की मांग की गयी। करणी सेना भारत के जिला प्रमुख सदन सिंह भदौरिया ने अखिलेश यादव को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुमन की सदस्यता समाप्त नहीं की गयी तो समाजवादी पार्टी को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। क्षत्रिय महासभा के महामंत्री कुलदीप तोमर ने कहा कि आज कल अपनी राजनीति चमकाने के लिए लोग महापुरुषों पर अनर्गल टिप्पणी करने लगे है। सुमन ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज का अपमान किया है। उन्होंने आगे कहा कि रामजीलाल सुमन तत्काल माफी मांगे अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष रविंद्र सिंह सेंगर एवं क्षत्रिय करणी सेना के संभाग प्रमुख अभिषेक सिंह ने कहा मान सम्मान स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले राजनैतिक वक्तव्य किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होंगे क्षत्रिय सड़क पर उतर कर भी सबक सिखाना जानता है। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित थे।

# विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य पर टीबी मरीजों के साथ बैठक



**शिवपुरी ब्यूरो।** विकास संवाद द्वारा संचालित टीबी निवारण परियोजना के एड अमेरिका के सहयोग से पोहरी ब्लॉक के 10 गाँव में संचालित है। इस परियोजना के तहत आज विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यालय पोहरी पर टीबी परियोजना के 10 गाँव के टीबी मरीजों के साथ बैठक का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में 20 लोगों ने भाग लिया। आज के कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी के एसटीएस मनोज कुमार कुशवाह एवं लैब टेक्निशियन सुरेन्द्र कुमार कुशवाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में टीबी दिवस के उद्देश्य को लेकर जिला समन्वयक अजय यादव द्वारा बताया गया कि आज भारत वर्ष में टीबी दिवस मनाया जा रहा है यह दिवस क्यों मनाया जाता है और इसके क्या फायदे हैं इसको लेकर चर्चा किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी से एसटीएस मनोज कुशवाह, लैब टेक्निशियन द्वारा टीबी मरीजों को नियमित डॉट्स की दवा खाने को लेकर चर्चा की गई जिसमें दवा खाने के तरीके एवं साथ में पोषण लेने को लेकर चर्चा की गई। इसी के साथ ही सुरेन्द्र कुशवाह द्वारा बताया गया कि टीबी मरीज टीबी संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें जिससे अन्य लोगों में टीबी फैल न पाए जिसके लिए अपने मुंह पर मास्क या कपड़े का इस्तेमाल करें साथ ही अपनी कफ या खखार को एक डिब्बे में इकट्ठा कर निपटान करें। विकास संवाद पोहरी से जिला समन्वयक अजय यादव द्वारा बताया गया कि विकास संवाद द्वारा परियोजना के सभी टीबी मरीजों को पोषण में सुधार के लिए मुर्गीपालन किचिन गार्डन दिया गया है जिससे इनके पोषण में सुधार हो सके साथ ही आज सभी टीबी मरीजों को पोषण किट दी जा रही है जिससे उनके पोषण में सुधार हो सके वितरण की गई पोषण किट में निम्न चीजें शामिल हैं। 5 किग्रा आटा, 1 किग्रा तेल, 1 किग्रा मुंगफली के दाने, 1 किग्रा गुड, 1 किग्रा दाल, 1 किग्रा सोयाबीन की बरी, 1 साबुन एवं मास्क दिया गया। आज के कार्यक्रम में टीबी मरीजों द्वारा टीबी रोकथाम एवं समुदाय में टीबी संक्रमण को बचाव के लिए हम पूरा प्रयास करेंगे यह तय किय गया। कार्यक्रम में विकास संवाद के देवेंद्र आदिवासी, राजू वर्मा, अर्जुन नामदेव का विशेष सहयोग रहा।

# एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर 27 मार्च को होगा आयोजित

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत जिला प्रशासन एंव जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर 27 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा एंव आमधनी प्रा0लि0, पीएनजी प्र0लि0, गौरव इलैक्ट्रीकल, ओगिसो कैमीकल, आरईसीएल, आइकोनिक ग्लास, भारतीय जीवन बीमा निगम, यश्सवी ग्रुप जयपुर प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन पिलानी सहित अन्य स्थानीय कम्पनियों द्वारा आशाथियों की भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। शिविर में जिला उघोग केन्द्र व आरएसएलडीसी एवं अन्य विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान कर स्किल्ड प्रशिक्षण के आवेदन पत्र भरवाये जायेगें। समस्त बेरोजगार आशार्थी अपनी योग्यता सबंधी दस्तावेज तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर 27 मार्च को प्रातः 10 बजे रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं।

# साहब! शिक्षकों के 24 वर्षीय क्रमोन्नत आदेश, अध्यापकों के एरियर भुगतान में लेटलतीफी क्यों

## - मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन, दिया अल्टीमेटम



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में कार्यरत करीब 10 हजार से अधिक शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर मुखर रहने वाले मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा और शिक्षक हित से जुड़ी मांगों के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़, सचिव अनिल गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को पुनः अवगत कराया गया नियमित शिक्षकों के 24 वर्षीय क्रमोन्नत वेतनमान का मामला कई वर्षों से लंबित है। बार-बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही, सात दिवस के भीतर आदेश जारी किए गए जाएं। संघ के जिला मीडिया प्रभारी नीरज सरैया ने बताया कि इसी तरह अध्यापक संवर्ग के 12 वर्षीय व 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश करीब 4 माह पूर्व जारी होने के बावजूद वेतन निर्धारत एवं एरियर का भुगतान संकुल प्राचार्यों एवं डीडीओ द्वारा जारी नहीं किया जा रहा, बावजूद इसके इन लापरवाहों पर जिला शिक्षा विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नियमित शिक्षकों के 30 वर्षीय क्रमोन्नत आदेश जारी होने के 2 माह बाद भी बढ़ा हुआ वेतमान एवं एरियर का भुगतान नहीं किया गया है और इसके ऐवज में शिक्षकों को संबंधितों द्वारा अकारण परेशान किया जा रहा है। मप्र शिक्षक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि 10 अप्रैल तक भुगतान नहीं हुआ तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। शिक्षकों की उक्त मांगों को लेकर मुखर होने वालों में संघ के विपिन पचौरी, भरत धाकड़, बलवीर तोमर, अनिल निगम, भूपेन्द्र शर्मा, संजय जैन, राजेश सेन, नीरज बंसल, अनूप सिंह परिहार, रोहित मेहते, कृष्णराम बंसल, गिर्राज कुशवाह, इंदु पाराशर, प्रज्ञा मौर्य आदि शामिल हैं।

# तुम को ना भूल पाएंगेः रवि कुलश्रेष्ठ

**शिवपुरी ब्यूरो।** लिटिल एंजिल स्कूल में जिले प्रसिद्धि महिला नेत्री सिंधिया निष्ठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व. पूनम कुलश्रेष्ठ की तृतीय पुण्यतिथी पर विधालय परिवार द्वारा एक पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पुष्पांजलि सभा श्रीमती कुलश्रेष्ठ के जीवन विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमती कुलश्रेष्ठ ईमानदार छवि की नेता रही उन्होंने हमेशा समाज हैतिशी मांग रखी जिसका क्रियान्वन भी हुआ। आज हमें श्रीमती कुलश्रेष्ठ याद आती है और उनके द्वारा स्थापित विद्यालय से शिक्षा जगत में लगतार कई बच्चों उच्च शिक्षा से लेकर प्रशासनिक पदों तक पहुंचाने में भी इनका अहम योगदान रहा है। श्री कुलश्रेष्ठ ने आगे कहा कि हम उन्हें कभी भी भुला नहीं पाऐंगे। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहाँ उपास्थि सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की !



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव सचिव द्वारा मंगलवार को हाऊसिंग बोर्ड में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया एवं वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों के लिए नालसा योजना 2016 वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया गया तथा इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि का भी अवलोकन किया एवं उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनो को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

## जिला कारागृह में स्थित रसोई घर में रोटी बनाने की नई मशीनों का लिया जायजा



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा मंगलवार को जिला कारागृह एवं प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लीगल एड क्लीनिक द्वारा संधारित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। लीगल एड क्लीनिक में स्थित शिकायत पेटिका की भी जांच की गई, जिसमें कोई शिकायत नहीं पाई गई एवं रजिस्टरों में नियमानुसार इन्द्राज करने के भी निर्देश एंव निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। कारागृह में महिला बंदियों से भी जानकारी ली एवं उनके बच्चों को खिलौने उपलब्ध कराने को भी निर्देशित किया। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा रसोईघर में रोटी बनाने की नई मशीनों का जायजा लिया। कारागृह में स्थित अस्पताल में पहुंचकर दवाईयों के स्टॉक का अवलोकन किया एवं अस्पताल में एस्पाइयरी दवाओं को हटाने के साथ-साथ नई दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डॉक्टर द्वारा नियमित रूप से बंदियों की देखभाल के भी निर्देश दिए एवं उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवा सकते हैं जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# सेना भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन, एक अभ्यर्थी दो अलग-अलग वर्ग में भर सकता है फॉर्म

धौलपुर, 25 मार्च। अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक अभ्यर्थी आर्मी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सेना भर्ती अधिकारी ने बताया कि 1 अक्टूबर, 2004 से 1 अप्रेल, 2008 तक की जन्मतिथि वाले इच्छुक उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए उम्मीदवार की ई-मेल आईडी और आधार से लिंक मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य है। भर्ती में खिलाड़ियों, एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों, आईटी योग्यताधारी और डिप्लोमा धारकों के लिए बोनस अंक का भी प्रावधान है। इस वर्ष उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग-अलग भरने होंगे। अपनी पसंद की श्रेणियों से संबंधित दो सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना होगा तथा श्रेणियों की प्राथमिकता उम्मीदवार द्वारा आवेदन के दौरान ही भरी जाएगी। भर्ती पद्धति के तहत प्रथम चरण में नामांकित केंद्रों पर सभी उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के साथ क्लर्क व एसकेटी पदों के लिए टाइपिंग टेस्ट होगा। द्वितीय चरण में भर्ती रैलियों के दौरान सामान्य प्रवेश परीक्षा योग्य उम्मीदवारों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा तृतीय चरण में अनुकूलनशीलता और चिकित्सा परीक्षण होगा। भर्ती संबंधित अधिक जानकारी हेतु www.joinindianarmy.nic.in एवं 0144-2702169 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# महिला सम्मेलन के साथ धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह का आगाज

## कार्यक्रम में जिले की 80 छात्राओं को स्कूटी और 34 गृहणियों को कुकटॉप की मिली सौगातें, बुधवार को होगा किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन



**धौलपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च 2025) को भव्य रूप से मनाने के लिए राज्यभर में कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। 31 मार्च तक चलने वाले इस सप्ताहव्यापी महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। धौलपुर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलेभर से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 80 पात्र लाभार्थियों को जिला कलक्टर एवं अतिथियों ने चाबी सौंपकर स्कूटी वितरित की। इससे पूर्व 34 गृहणियों को इंडक्शन कुकटॉप का वितरण किया गया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को पहली किश्त का वितरण किया गया। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से धौलपुर का यह कार्यक्रम वर्चुअली जुड़ा रहा, जहां महिलाओं को कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि हस्तांतरित की गई। गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन और मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अंतर्गत बालिकाओं को डीबीटी की गई। विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत लाभान्वित छात्राओं को स्वीकृति पत्र दिए गए। महिला सम्मेलन के दौरान सरकार द्वारा अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम करने के निर्देश पत्र जारी गए। सोलर दीदी योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इसके साथ ही प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना लागू करने की घोषणा की गई।

**बुधवार 26 मार्च को किसान सम्मेलन का आयोजन**

राजस्थान दिवस के सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार 26 मार्च को नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा किसानों से जुड़ेंगे और कृषक हित में कई महत्वपूर्ण सौगातें सौंपेंगे।

## कैलारस में 3 दिवसीय श्याम कथा का आयोजन प्रारंभ निकाली गई भव्य निशान यात्रा

### निशान यात्रा का नगर में पुष्प वर्षाकर किया स्वागत



**कैलारस।** श्री मोरवी नंदन श्याम परिवार कैलारस द्वारा तृतीय संगीत मय श्री शास्त्र सम्मत श्याम कथा का आयोजन परम पूज्य कथा वाचिका दीदी सोनी निगम बाईसा वाराणसी द्वाराआज दिनांक 25,मार्च 2025 को स्थान राधिका पैलेस दीनदयाल मार्ग कैलारस किया जा रहा हे इस श्याम कथा से पूर्व आज बाबा श्याम प्रेमियों द्वारा काली माता मंदिर से भव्य निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो शास्त्री मार्ग जवाहर मार्ग गांधी मार्ग वशिष्ठ मार्ग एम एस रोड से होकर राधिका पैलेस तक निकाली गई जिसमें में सेकडो की संख्या में महिला पुरुष युवा पीले परिधानों अपने हाथों में खाटू श्याम बाबा का ध्वज लेकर धार्मिक भजनों पर थिरक रहे हे नगर में समूचे मार्ग में मेटी की बिछावट की गई जगह जगह स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई निशान यात्रा में बाबा खाटू श्याम का विशाल दरबार सजाया गया जिसकी नगर में सभी ने पूजा अर्चना की वही दूसरे रथ पर श्याम कथा की कथा वाचक दीदी सोनी निगम चल रही थी समिति ने बताया कि आज शाम बजे से तीन दिन तक शाम 6 बजे से 10 बजे तक बाबा श्याम की कथा होगीअतः सभी श्याम प्रेमियों से विनम्र आग्रह है कि आपके शहर में होने वाली श्री श्याम कथा में आप सभी सपरिवार इष्ट मित्रों सहित ज्ञान भक्ति मेगंगा में डुबकी लगाने हेतु पधारे एवं जीवन को सफल बनाएं कार्यक्रम केआयोजक -श्री मोरवी नंदन श्याम परिवार कैलारस के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भागेदारी कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की हे।

## चंबल कमिश्नर मनोज खत्री ने मुरैना पहुंचकर रोटरी कैंप की तैयारियों का जायजा लिया



**मुरैना।** मुरैना मुख्यालय पर 26 मार्च से 2 अप्रैल तक रोटरी कैंप का आयोजन किया जा रहा है, कैंप में ख्याति प्राप्त डॉक्टर मुरैना में मरीज का परीक्षण कर उनका इलाज करेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में लगातार 8 दिन तक चलेगा। बृहद कैंप की तैयारी का जायजा लेने के लिए चंबल कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने मंगलवार को मुरैना पुलिस परेड ग्राउंड पर पहुंचकर अभी तक पूर्ण हुई तैयारीयों का जायजा लिया और जो कमियां पाई गई उनके लिए विस्तार से अधिकारियों को निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि रोटरी कैंप में अन्य जिलों से आने वाली बसों के लिए रूट प्लान का प्रचार करवाया जाए।उन्होंने कहा कि मरीजों को समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे , इसे अधिकारी सुनिश्चित करें।मरीज या अटेण्डर किसी परेशानियों में इधर-उधर भटकता न रहे,उनके लिए समुचित व्यवस्था रहे।उन्होंने कहा कि मरीजों को और कैंप में सहयोग करने वाले पदाधिकारीयों को जो फूड पैकेट वितरित किए जा रहे है,फूड सैंपलिंग टीम से परीक्षण कराकर ही वितरण किया जाए ।श्री खत्री ने कहा कि कैंप में हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। भ्रमण के समय कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, रोटरी के पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ई-मंडी योजना एक 1 अप्रेल से मंडियों में होगी शुरू : विजेंद्र सिंह परमार।।

### किसान अपने मोबाइल से बना सकेंगें प्रवेश पर्ची



**कैलारस।** नगर में अब 1अप्रेल से होंगे नए नियम मध्यप्रदेश ई-मंडी योजना का विस्तार कर रहा है। ई-मंडी योजना ए और बी मंडियों में चालू हो गया है। मंडियों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिये प्रदेश में निरंतर कार्य किया जा रहा है। ई-मंडी योजना से किसान मंडियों में अपनी उपज के विक्रय के लिये स्वयं अपनी पर्ची बना सकेंगे। मंडी ऐप से किसानों को सुविधा होगी। उन्हें उपज विक्रय के लिये या प्रवेश पर्ची के लिये लाईन में नहीं लगना होगा। ई-मंडी योजना के तहत मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान तक की कार्यवाही कंप्यूटराइज्ड रहेगी। मंडियों को हाईटेक बनाया जा रहा है। 01 अप्रैल 2025 से कैलारस नगर में कृषि उपज मंडी में ई-मंडी के रूप में कार्य लागू होगी।

**मोबाइल ऐप से प्रक्रिया होगी सरल**

मंडी ऐप के द्वारा किसान भाइयों के लिये प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि वह मंडी आने से पहले मंडी में अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाइल से बना सकते हैं। एक बार प्रवेश पर्ची बन जाने पर बार-बार उन्हें अपना संपूर्ण डाटा मंडी में देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रवेश पर्ची बन जाने से किसान सीधे मंडी प्रांगण के नीलामी स्थलों पर जाकर अपनी कृषि उपज की नीलामी करा सकते हैं।

**नीलामी की कार्यवाही भी मिलेगी मोबाइल पर**

नीलामी की कार्यवाही की जानकारी किसानों को मोबाइल पर भी प्राप्त होगी। तुलावटी भाईयों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण दिया गया है। वे एंड्रॉयड मोबाइल पर की गई तौल का फाइनल वजन दर्ज करेंगे और उन्हें कोई भी जानकारी लिखने की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही व्यापारी साथियों को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ई-मंडी योजना में व्यापारी की आईडी पर रेडीमेड भुगतान पत्रक प्रदर्शित होगा। व्यापारी को उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे भुगतान की सिर्फ एंट्री ही करनी होगी।

**रियल टाइम होगा उपज रिकार्ड का संधारण**

ई-मंडी योजना से किसानों द्वारा मंडी में विक्रय की जा रही कृषि उपज का रिकार्ड संधारण रियल टाइम ऑनलाइन होगा। इससे मंडियों में भीड़-भाड़ भी नहीं होगी और असुविधा भी नहीं होगी। किसान भाइयों को प्रवेश, अनुबंध, तौल तथा भुगतान करने के बाद उनके मोबाइल पर एसएमएस तथा व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त होगा। किसानों को यह जानकारी रहेगी कि उनकी उपज किस व्यापारी द्वारा कितने दाम पर खरीदी गई है कथित तौर पर देखा जाए तो मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड ने सी और डी श्रेणी समस्त कृषि उपज मंडियों को - एक अप्रैल से ई-मंडी घोषित कर दिया है। इन मंडियों में अब आनलाइन खरीदी व अन्य काम होंगे सरल। पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी कैलारस कृषि उपज मंडी के सचिव बृजेंद सिंह परमार ने मंगलबार को दी। मंडी सचिव ने बताया, कि मंडी बोर्ड के प्रबंधक संचालक ने इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि कैलारस मंडी में एक अप्रैल से किसानों की उपज की आनलाइन ही बोली लगेगी, किसानों को भुगतान भी आनलाइन होंगे। उन्होंने बताया, कि मंडी में किसानों के लिए समस्त सुविधाएं हैं। किसान व कर्मचारियों के लिए शुद्ध आरओ फिल्टर पानी, शुलभशौचालय की व्यवस्था, संपूर्ण अनाज मंडी प्रांगण में लाइट की व्यवस्था, कार्यालय परिसर एवं मंडी परिसर में संपूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था रखी गई है।

## डबैरा - टेंटरा बायपास रोड को अलाइनमेंट बदलकर नहर के किनारे से निकाला जाए



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** डबैरा से लेकर टेंटरा के आगे तक बायपास रोड निकालने के लिए किसानों की बेशकीमती, बहुफसली, व्यावसायिक जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें सैकड़ो किसान परिवार बर्बाद हो रहे हैं। किसानों ने इकट्ठे होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजते हुए यह मांग की है कि उक्त बायपास रोड नहर से शुरू किया जाए और इसे नहर की कैनाल से होकर टेंटरा के आगे तक निकाला जाए। नहर की कैनाल और उसके बगल में बड़ी मात्रा में भूमि उपलब्ध है उसका उपयोग किया जाए। किसानों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को संबोधित करते हुए ज्ञापन दिए। ज्ञापन तहसीलदार श्री भारतेंदु यादव ने लिया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान किसानों की सभा को किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, जिला महासचिव मुरारीलाल धाकड़ ,कार्यकारी जिला महासचिव ओमप्रकाश श्रीवास ने संबोधित किया।

## भारतीय संस्कृति पर केन्द्रित फिल्में आज भी हैं समसामयिकः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को कालिदास अकादमी परिसर उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर फिल्म फेस्टिवल में विभिन्न देशों से आए राजनयिकों के साथ सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेखक सीमा कपूर की आत्मकथा ÷युं गुजरी है अब तलक÷ का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में धीरे-धीरे विभिन्न प्रकार के आयाम जुड़ रहे हैं। भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रही है कि यहां के लोगों ने हर प्रकार की चुनौतियों और विषम परिस्थितियों में अपने आप को दृढ़ रखा है और पूरे विश्व के समक्ष एक मिसाल पेश की है। भारतीय संस्कृति पर केन्द्रित फिल्म फेस्टिवल हमारी कला और संस्कृति को पूरे विश्व के समक्ष प्रस्तुत करता है। इस फेस्टिवल में अतीत की कालजयी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया है। चलित हिंदी फिल्मों की यात्रा दादा साहब फालके द्वारा निर्देशित फिल्म राजा हरिश्चंद्र से होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति पर आधारित फिल्में आज भी समसामयिक हैं। आने वाले समय में और भव्य स्तर पर इस प्रकार के आयोजन किए जाने चाहिए। विक्रम महोत्सव से हम सम्राट विक्रमादित्य के स्वर्णिम काल को याद करते हैं। सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य और फिल्मों के माध्यम से पूरे विश्व में उनकी न्यायप्रियता और उनके सुशासन का संदेश जाता है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व में विभिन्न आयाम समाए हुए हैं। सही अर्थों में उज्जैन 64 कलाओं को प्रदान करने वाली नगरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से फिल्मोत्सव के समापन के अवसर पर संस्कृति विभाग, कालिदास अकादमी और विक्रमादित्य शोध पीठ को शुभकामनाएं दीं। समापन समारोह में प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री दिलीप सिंह परिहार, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री ओम जैन, कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक श्री गोविंद गंधे, श्री नरेश शर्मा, श्री राजेश सिंह कुशवाहा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्री श्रीराम तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप भारत के ज्ञान और संस्कृति के प्रकाश को दुनिया में पहुंचाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हुआ, जिसमें 90 फिल्मों का प्रसारण किया गया है। इसमें अधिकतर फिल्में भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित रही। कार्यक्रम में साउथ अमेरिका के देश सूरीनाम की एंबेसी में कार्यरत सचिव श्रीमती सुनैना पी.आर. मोहन ने कहा कि उज्जैन शहर में उनका प्रथम बार आगमन हुआ है। यहां के लोगों के व्यक्तित्व में सादगी समाहित है। श्रीमती सुनैना ने कहा कि हमारे देश के युवा अपने शहर, अपने प्रदेश और अपने देश पर गर्व करें, गर्व से कहें कि हम भारतीय हैं।

## मित्रता हो तो श्री कृष्ण सुदामा जैसी.. सारस्वत



**झुण्डपुरा।** नगर के बस स्टैंड के पास मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास पण्डित संतोष सारस्वत ने कहा भगवान की कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में सुख शांति समृद्धि और आंनद का समावेश होता है।भगवान सांसारिक बस्तुओं से प्रसन्न नहीं होते वे केवल भाव के भूखे है,उन्हें सच्चे भाव से जो सच्चा प्रेम करते है ,उनके जरा से पुकारने से ईश्वर दौडे चले आते है,भगवान की जो सच्ची भक्ति भाव से करते है उन प्राणियों पर सदैब भगवत कृपा प्राप्त होती हैं। भगवान की कथा अमृत है इसका श्रवण करने से मनुष्य का कल्याण हो जाता है भगवान की कृपा प्राप्त होती है।इससे पूर्व कथा मे भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुन्दर वर्णन किया। भगवान की कथा उत्सव में कथा व्यास संतोष सारस्वत ने गीतों के साथ सुन्दर भजन संगीत के साथ गाये जिसमें श्रृद्धालु महिला पुरुष झूम कर नाचे। मित्रता हो कृष्ण सुदामा जैसी सुदामा की कथा का मार्मिक वर्णन किया और कहा कि जब तक जीव भगवान से दूर रहता है तब तक उसे कष्ट आते हैं जब जीव ईश्वर की शरण में जाता है तो ईश्वर उसे आनंद सुख समृद्धि सब कुछ देकर उसका कल्याण करते हैं। मित्रता कृष्ण और सुदामा जैसी हो। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि अपने मित्र को कैसी भी परिस्थिति हो तो भी भूलना नहीं चाहिए सदैव उसका साथ देना चाहिए इस अवसर सबलगढ़ विधायक सरला बिजेंद्र रावत, गोपाल पटेल भूपसिंह,दुर्गेश रावत जीतेंद्र मरैया,अन्नू सिंघल कैलारस ने कथा व्यास का फूलमाला अंगवस्त्र और साफा बांधकर स्वागत किया।

## रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन राहत-02 में ये ख्यातिप्राप्त चिकित्सक रहेंगे मौजूद

### रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन 26 मार्च से प्रारंभ होकर 02 अप्रैल तक चलेगा

**मुरैना,कांस।** स्व. श्रीमति मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में मध्यप्रदेश शासन, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080/3053 एवं राज कृष्ण तन्खा फाउण्देशन द्वारा 26 मार्च 2025 से 02 अप्रैल 2025 तक एस.ए.एफ परेड ग्राउड मुरैना में एक बहुत बड़े मेडीकल मिशन का आयोजन होने जा रहा है। इस कैम्प में ख्यातिप्राप्त ये चिकित्सक मौजूद रहेंगे। जिले के आम नागरिकों से अपील है कि शहरी एवं ग्रामीण आमजनता को आखिरी छोर तक पूर्णतः निःशुल्क एवं संपूर्ण सेवा भाव से स्वास्थ्य लाभ मिले। इस सेवा कार्य में मुरैना जिले में अभी तक ग्रामीण एवं शहरी अंचल में 29 मेडीकल शिविरों का आयोजन हो चुका हैं। जिसमे सभी प्रकार के मरीजों को चिंन्हित किया गया हैं, इसमें लगभग 2850 मरीज सर्जरी हेतु चिन्हित किये गये हैं, इनकी सर्जरी मुरैना हॉस्पीटल में लगातार हो रही हैं, जो अभी तक लगभग 588 लोगों के ऑपरेशन हो चुके हैं। 26 मार्च 2025 से पुलिस परेड ग्राउड मुरैना में देश के जाने माने विशेषज्ञों द्वारा ओ.पी.डी एवं ऑपरेशन किये जायेंगे। जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जन डॉ. नरेश त्रैहान मेदान्ता हॉस्पीटल से अपनी टीम से साथ एवं नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट के डॉ. ओ.पी. यादव, डॉ नितिश शाह ऑल इंडिया मेडीकल इंस्टिट्यूट साइंस, एवं मैक्स एवं मनीपाल हॉस्पीटल के कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाऐ देगे। अन्य विशेषज्ञो में ऑक्नोलॉजिस्ट, हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश भूरानी रहेगें, अस्तिरोग में ऐम्स दिल्ली से डॉ. विवेक शंकर एवं नितिश नायक, डॉ. प्रकाश कोतवाल रहेगें। पेन के डॉ. नीरज जैन मैक्स दिल्ली से आकर सेवाऐं देगें। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. मीनू वाजपेयी रेन्बो हॉस्पीटल दिल्ली से आ रही हैं। कामता शाह मुम्बई नानावटी हॉस्पीटल से, बच्चों मे हर्निया, हाइपोस्पेडियास एवं सभी बच्चों की आवश्यक सर्जरी करेगी। कीडनी विशेषज्ञ डॉ. रावत गंगाराम हॉस्पीटल से, डॉ. एस.बी बंसल, मेन्दता हॉस्पीटल से तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जन, गालब्लेडर, हार्निया, लेप्रोस्कोपिक पद्वति से डॉ. मुकुन्द खेतान एवं चंडीगण से डॉ. परमार एवं उनकी टीम द्वारा किये जाऐगें। वेरियेटिक सर्जन इंदौर के डॉ. मोहक भांडरी पेट के मोटे पन की वेरियेटिक सर्जरी करेंगे। दिल्ली मैक्स हॉस्पीटल, गंगाराम हॉस्पीटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ, बच्चेदानी के ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का कार्य सभालेगें। दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पीटल की टीम द्वारा तथा एम्स भोपाल, एम्स दिल्ली, अरविन्दों हॉस्पीटल इंदौर एवं चंडीगण हॉस्पीटल के विश्व प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं सर्जरी का कार्य 26 मार्च से लेकर 02 अप्रैल तक किया जाएगा।

## अलग-अलग सडक हादसों में दो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के स्टेशन रोड एवं अम्बाह थाना क्षेत्र में अलग-अलग सडक हादसो में दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के मस्जिद के पास खम्बा बाई पास पर जा रहे देवेन्द्र पुत्र पोहपसिंह कुशवाह उम्र 42 साल को वाहन क्रमांक एमपी 06 एसी 2256 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए सडक किनारे जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार अम्बाह थाना क्षेत्र के ड्ढायवर्सन रोउ प्रताप कॉलौनी के सामने अम्बाह रोड पर जा रहे मोनू उर्फजयदीप पुत्र रामकरन तोमर उम्र 32 साल को एम्बलेन्स सीजी 04 एनबी 6430 के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने जांच पर से आरोपी वाहन चालको के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

## दृष्टि नागोरिया का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**मुरैना,कांस।** अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष श्री प्रेम सिह नागोरिया की बेटी दृष्टि नागोरिया का नवोदय के कक्षा 6 में चयन हो गया है। दृष्टि के जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उसे उसके मित्रों, सहपाठी, माता-पिता एवं शुभ चिंतको ने बधाई दी है।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला,पीडिता ने एसपी को दिया आवेदन

**मुरैना,कांस।** अम्बाह तहसील के ग्राम खिरेटा का पुरा में निवास करने वाली नव विवाहिता को दहेज के लिए उसके ससुरालीजनो ने घर से निकाल दिया था जिसकी शिकायत पीडिता ने महिला थाने में आवेदन दिया लेकिन कार्यवाही न होने पर पीडिता जनसुनवाई में अपने पिता के साथ पुलिस अधीक्षक के पास पहुँच कर आवेदन देकर दहेज लोभियो के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में कहा गया कि उसकी शादी 23 अप्रेल 2024 को ग्राम खिरेटा का पुरा (मडैया) अम्बाह निवासी सोनू पुत्र स्व. लज्जाराम माहौर के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी, शादी में नव विवाहिता के माता पिता ने अपनी सामर्थ से अधिक दान दहेज दिया था जिसमें डेढ लाख रूपये नगद, हीरो डीलक्स की मोटर सायकल, पलंग, फ्रिज, वासिंग मशीन,एलसीडी सहित लाखो रूपये का सामान दिया था, लेकिन नव विवाहिता के ससुरालीजन शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नही थे और दहेज की मांग तथा बुलेट मोटर सायकल की मांग कर रहे थे, न देने पर दहेज लोभियों ने उसे प्रताडित कर घर से निकाल दिया। और कहा कि मुझे हम तभी रखेगें जब तू हमारी दहेज एवं बुलेट मोटर सायकल की मांग पूरी कर देगें। पीडिता ने अपने माता पिता के साथ महिला थाना प्रभारी को दिनांक 20 मार्च 2025 को आवेदन किया लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर नव विवाहिता ने जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपने ससुरालीन पति सोनू, सास ममता, तईया ससुर परषोत्तम, मुसिया ससुर रोशन व मुसिया सास लक्ष्मी के खिलाफदहेज एक्ट का मामला दर्ज कार्यवाही की मांग की है।

## रोटरी मेडिकल कैंप के लिए मुरैना शहर में बसों के लिए निर्धारित रूट किये चिन्हित

**मुरैना।** रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन एवं राजकृष्ण एवं तन्खा फाउण्डेशन के सहयोग से एक निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य मिशन का आयोजन मुरैना में 26 मार्च से 02 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु विभिन्न स्थानों से शहर मुरैना में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्हीआईपी रोड़ से पुलिस परेड ग्राउण्ड पहुंचेगे, उस दौरान व्हीआईपी रोड़ बंद रहेगी।

**बसों हेतु मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था** जिला भिण्ड एवं अम्बाह, पोरसा से आने वाली बसों हेतु अम्बाह आईपास होते हुए ए. बी. रोड.से के. एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मंडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा/पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी। श्योपुर, सबलगढ, कैलारस एवं जौरा से आने वाली बसों हेतु माँ बेटी चौराहे से बाएं ओर मुडकर, के.एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी। ग्वालियर, बानमौर नूराबाद से आने बसें ए.बी. रोड.से के. एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी। धौलपुर, सरायछोला से आने वाली ए.बी. रोड.से के.एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा/पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी।

**दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो हेतु मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था** समस्त दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सामान्य रुप से किसी भी मार्ग का उपयोग करते हुए संग्रहालय चौराहा व पुराना बस स्टेण्ड चौराहा एवं व्ही. आई.पी.मार्ग होते हुए निशुल्क रोटरी मेगा हेल्थ कैंप पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना हेतु पहुँच कर निर्धारित पार्किंगस् में खडे होगें। व्ही.आई.पी. चार पहिया वाहनो हेतु पार्किंग स्थल एस.ए.एफ नवीन सामुदायिक भवन के बाऐं तरफ से एस. ए. एफ केन्टीन तक एवं एस.ए.एफ. केन्टीन से मन्दिर तक रहेगी।चार पहिया वाहनों हेतु एस. ए. एफ. केन्टीन के पीछे एवं एस.ए.एफ नवीन सामुदायिक भवन के दाहिनी तरफ रहेगी। दो पहिया वाहनो की पार्किंग पोस्टमार्टम हाउस के पास परेड ग्राउंड के बगल में स्थित पुलिस मेरिज गार्डन/पुलिस सिलाई केन्द्र में रहेगी। उपरोक्त में से कोई भी मार्ग र्कसी र्वशेष प्रयोजन (यथा व्ही.आई.पी. मार्ग व्यवस्था) की स्थिति में प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## उत्कृष्ट विद्यालय अंबाह में संगोष्ठी का आयोजन संपन्न



**अंबाह।** दिनांक 22/23/ मार्च 2025 को जनअभियान परिषद के आदेश अनुसार नवांकुर संस्था आदर्श रामसनेही जनचेतना शिक्षा एवं विकास समिति अंबाह के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय अंबाह में संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जल संरक्षण और संवर्धन का महत्व समझा गया जल हमारे जीवन का मुख्य स्तंभ है मानव शरीर में गरीब 80त्न पानी है जल के बिना पृथ्वी पर यह जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है इसके बावजूद भी लोग पानी के महत्व को नहीं समझते हैं। लोग घरों में आवश्यक अनुसार पेयजल का उपयोग नहीं करते पानी पीते समय खुलना छोड़ना,नहाते समय लगातार जेड पंप को चालू रखना आदि हैं इससे प्रतिदिन हजारों लीटर जल व्यर्थ होता है और नालियों में बेहजता हैं पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाना जरूरी हैं यह चर्चा उत्कृष्ट विद्यालय अंबाह में क्रस्ड्ड फर्स्ट्/ सेकंड/थर्ड ईयर अथवा स्रूड्ड फर्स्ट्/फाइनल के स्टूडेंट उपस्थित के बीच इस कार्यशाला में इस अभियान के बारे मैं सम्पूर्ण जानकारी बताई गई सभी को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के बारे में जन अभियान परिषद के अंबाह ब्लॉक समन्वयक श्री रामकेश सिकरवार ने जल का महत्व बताया इसके बाद संस्था के संचालक श्री सुरेंद्र सिंह छारी के द्वारा जल संरक्षण और जल संवर्धन के महत्व के बारे में विस्तार से सभी को जानकारी दी और इसका प्रबंध किस तरह करना हैं सभी को जानकारी दी मेंटर्स में श्री प्रेम सिंह कुलश्रेष्ठ राधाचरण तोमार ,गिरजा शंकर , सुशील छारी आदि सभी ने अपने - अपने विचार रखे और सभी छात्र छात्राओं ने 5-5 मिनट इस अभियान पर बोलने का प्रयास किया और संकल्प लिया हम लोग खुद और गांव मै जानकारी देंगे कि अपनी सोच बदले कि पानी का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार उपयोग करे , बर्बाद ना करे हमारा कर्तव्य है कि इस के बिना जीवन असंभव है जल एक ऐसा अनमोल साधन है सभी जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक हैं और सभी ने संकल्प लिया कि हम और अपने-अपने गांव में छठ का पानी अथवा घर का पानी के लिए सोखते गड्डों का प्रयोग करेंगे आसपास तालाब और कुओं का पानी स्वच्छ रखेंगे और देखबाल करेंगे उसे स्वच्छ रखेंगे और पशु एवं पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करेंगे अंत में सभी का सम्मान के साथ धन्यवाद और सभी का आभार व्यक्त किया।

## पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत दिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**जौरा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती उपासना राय के निर्देशन व मार्गदर्शन में जोरा परियोजना क्रमांक एक के द्वारा श्री गालव त्यागी धर्मशाला जोरा में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती आरती राजपूत मास्टर ट्रेनर पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम एवं पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भावसार, दीपा कंनोजिया, पुष्पा शर्मा सृष्टि यादव आदि प्रशिक्षकों के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए श्रीमती आरती राजपूत ने कहा कि प्रारंभिक बचपन में देखभाल के साथ साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आप सभी के कार्य में क्षमता संवर्धन कर ई सी सी ई पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना है। साथ ही सतत विकास के आयामों में मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर आप सभी की समझ विकसित करना है प्रशिक्षण में अन्य प्रशिक्षकों के द्वारा आंगन वाडी केंद्रो में बच्चों के लिए पोषण और शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता व सही पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने छोटे बच्चों, किशोरियों, और महिलाओं में रक्ताल्पता को कम किए जाने के हेतु जानकारी दी गई।



# भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गौ-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गौ-शालाएं

### गौ-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का लगाया भोग

### 58 करोड़ 93 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गौ-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गौ-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सालरिया में गौ-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का भोग लगाया। उन्होंने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रूपये का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किये। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गौ-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गौ-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गौ-माता हों, ऐसे गाँव को हम वृंदावन बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निंरतर कार्य कर रही है, गौ-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गौवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रूपए बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मध्यप्रदेश द्वारा की जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशालाओं बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे है।

प्रधानमंत्री के ज्ञान पर ध्यान के मंत्र को साकार करने के लिये प्रदेश सरकार कृत-संकल्पित होकर मिशन मोड में काम कर रही है। प्रदेश में हर एक किसान के खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाले समय में पार्वती-कालीसिंध-चंबल(पीकेसी) लिंक परियोजना से जिले के कृषकों को भी सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में वर्ष-2028 में होने वाला सिंहस्थ का आयोजन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। आयोजन की भव्यता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास के लिये रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव (आरआईसी) के साथ ही पहली बार राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन किया। इससे क्षेत्रीय विकास के साथ प्रत्येक क्षेत्र के युवाओं के लिये स्थानीय स्तर पर रोजगार के नवीन अवसर सृजित करने का अभिनव प्रयास सफलतापूर्वक किया है। इनसे प्रदेश में 30 लाख 77 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर-मालवा जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। चहुमुँखी विकास कर आगर-मालवा को प्रदेश का नम्बर-1 जिला बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगर मे उद्योगों के लिय अपार संभावनाएँ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-अभयारण्य सालरिया में कुण्डालिया डेम से पानी लाया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य में रोपा आँवले का पौधा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया में आँवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। सालरिया में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ 1008 पौधों का गौ-अभयारण्य परिसर में रोपण किया गया।

# रोटरी कैम्प में गरीब व्यक्ति को इलाज मुहैया कराना हम सब की प्राथमिकता : श्री तोमर

## विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पहुंचकर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुरैना,कांस।** स्व. श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी देवी जी की स्मृति में रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 मुरैना मुख्यालय पर 26 मार्च से 2 अप्रैल तक संचालित किया जायेगा। इस विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मुरैना में किया जा रहा है और इसमें संभाग वर्ग के जिलों को सम्मिलित किया गया है। इस शिविर से भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, गुना और अशोकनगर तक के लोग इलाज मिले ऐसे प्रयास किये जायेंगे। गरीब व्यक्ति को इलाज दिलाना इस शिविर की प्राथमिकता रहेगी। यह बात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड में कैम्प की तैयारियों का निरीक्षण करते समय कही। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, रोटरी के पदाधिकारी श्री जैन सहित रोटरी कैम्प में कार्य देख रह रोटरी के पदाधिकारी तथा पार्टी कार्यकर्ता और रोटरी के लिये बनाये गये नोडल उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ मध्य प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन के सभी लोगों के सहयोग से 26 मार्च को किया जायेगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे। कैम्प की सभी तैयारी चल रही है और इसमें निश्चित रूप से कोशिश की गई है कि गरीब जनता को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और इसकी तैयारी के लिए पहले भी तहसीलवार ओपीडी कैंपों का आयोजन किया जा चुका हैं। जिनमें लगभग 5000 पेशेंट को चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिनके ऑपरेशन मुरैना में संभव है उनके ऑपरेशन मुरैना में करायेंगे। जिनके लिए ग्वालियर रेफर करने की जरूरत पड़ेगी उनका इलाज ग्वालियर में करवाया जाएगा।



इसके अलावा भी भोपाल, इंदौर, दिल्ली में भी जरूरत के हिसाब से इलाज करवाया जाएगा। यह स्वास्थ्य शिविर एक तरह से मुरैना और चंबल संभाग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर है। सभी लोगों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरे प्रयास किये हैं। मेरी आशा है कि जरूरतमंद, गरीब व्यक्ति को अधिक से अधिक संख्या में आयेंगे और परीक्षण करायेंगे।

# व्यापार में कमिटमेंट का है सर्वाधिक महत्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



### मुख्यमंत्री ने 1127 करोड़ की लागत की औद्योगिक इकाइयों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की कृपा से देश और प्रदेश में समृद्धि बरस रही है। सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली नगरी उज्जयिनी में पहली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हुआ था। इसके बाद क्रमवार संभागीय मुख्यालयों पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इन आरआईसी में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत को साकार करने प्रदेश में 1127.24 करोड़ रुपए के निवेश से 26 विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यह परियोजनाएं उज्जैन को एक नया औद्योगिक आयाम देंगी, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक और आर्थिक विकास होगा। इन इकाइयों से हमारे लगभग 5046 युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। स्वच्छ भारत की परिकल्पना को समाहित कर प्रदेश में स्थित भारत के सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क विक्रम उद्योगपुरी में 28 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सामान्य अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (सीईटीपी) का लोकार्पण भी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विक्रम व्यापार मेला उज्जैन में आयोजित औद्योगिक इकाइयों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यापार वचन से होता है, व्यापार में वचन का ही सर्वाधिक महत्व है। मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिकरण और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दिए गए वचनों को पूरा करने संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने गर्भवती माताओं को सौंपी लोहे की कढ़ाहियाँ

## हाई रिस्क गर्भवती माताओं में खून की कमी दूर करने के उद्देश्य से की गई है यह पहल, ब्रिटानिया फाउण्डेशन सीएसआर फंड से उपलब्ध करा रहा है कढ़ाहियाँ, अपना स्वागत न कराकर कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ताओं का किया स्वागत



**ग्वालियर।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा अभिनव पहल की गई है। गर्भवती माताओं में एनीमिया अर्थात खून की कमी दूर करने के लिये उन्होंने यह पहल की है। जिसके तहत जिले में गर्भवती माताओं को आयरन टेबलेट के साथ लोहे की कढ़ाही उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मंगलवार को ठाठीपुर सिविल डिस्पेंसरी में हाईरिस्क गर्भवती माताओं को ब्रिटानिया फाउण्डेशन के सहयोग से लोहे की कढ़ाही सौंपी। चिकित्सकों के अनुसार लोहे की कढ़ाही में बनी सब्जी का सेवन करने से गर्भवती माताओं को स्वाभाविक रूप से आयरन प्राप्त हो जाता है, इससे खून की कमी दूर होती है। कलेक्टर श्रीमती चौहान की पहल पर ब्रिटानिया फाउण्डेशन ने प्रथम चरण में सीएसआर मद से जिले के विकासखंड भितरवार, डबरा व ठाठीपुर क्षेत्र की हाईरिस्क सीवियर एनीमिक महिलाओं को कढ़ाही उपलब्ध कराई हैं। इनका वितरण भी शुरू कर दिया गया है। सिविल डिस्पेंसरी ठाठीपुर में लोहे की कढ़ाही वितरण के दौरान कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गर्भवती माताओं से कहा कि वे गेहूँ के स्थान पर रागी की रोटी बनाएं। इसकी रोटी खाने से आयरन के साथ कई पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। साथ ही कहा कि जो लोहे की कढ़ाही आज उपलब्ध कराई गई है अब उसी में सब्जी बनाकर खाएं और साफ-सफाई का ध्यान रखें। कलेक्टर ने इस दौरान सिविल हॉस्पिटल थाटीपुर पर हाई रिस्क क्लीनिक का निरीक्षण किया । साथ ही गर्भवती माताओं की जांच प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने इस दौरान अपना स्वागत न कराकर गर्भवती माताओं को लेकर आई आशा कार्यकर्ताओं का पुष्प-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव, ब्रिटानिया फाउंडेशन से श्री नीरज पाठक व श्री जितेंद्र पाटीदार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपाली माथुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आर के गुप्ता, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रबल प्रताप सिंह व डीपीएम श्री विजय भार्गव, एपीएम श्री धर्मेंद्र राणा एवं सिविल हॉस्पिटल थाटीपुर की प्रभारी चिकित्सक श्रीमती स्वेच्छा दंडोतिया उपस्थित थीं।









स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954